Drishti IAS

# एडिटोरियल

# क्विज़

# फरवरी

# 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से किसने महात्मा गांधी को सर्वप्रथम "राष्ट्रपिता" कहा था?**

A. जवाहरलाल नेहरू

B. सुभाष चंद्र बोस

C. बी.आर.अंबेडकर

D. मोतीलाल नेहरू

**2. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत शामिल किया गया है और यह भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।
2. यह रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है।
3. यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की वाणिज्यिक शाखा है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**3. राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 21वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1967 के द्वारा एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है।
2. वर्ष 1979 में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि किसी राज्य के राज्यपाल का कार्यालय केंद्र सरकार के अधीन एक रोज़गार है।
3. संविधान के मसौदे में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर राज्यपाल के सीधे चुनाव का प्रावधान किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**4. निम्नलिखित में से कौन-से देश म्याँमार के साथ सीमा साझा करते हैं?**

1. चीन
2. लाओस
3. थाईलैंड
4. भारत
5. बांग्लादेश

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 2, 3, 4 और 5

D. 1, 2, 3, 4 और 5

**5. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) की पहली डिवीज़न का गठन किया गया।
2. सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत के लिये अस्थायी सरकार का गठन किया।
3. INA मुख्यालय को रंगून (बर्मा में) स्थानांतरित कर दिया गया।

उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. 1-2-3

B. 2-3-1

C. 2-1-3

D. 3-1-2

**6. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| स्थान | देश |
|---|---|
| 1. सरवन | (a) पाकिस्तान |
| 2. सब्ज़ कोह | (b) ईरान |
| 3. सना | (c) यमन |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**7. भारत-फ्राँस संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शक्ति, वरुण और गरुड़ अभ्यास दोनों देशों के बीच आयोजित संयुक्त अभ्यास हैं।
2. दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन पर अपने संयुक्त प्रयासों के तहत वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का शुभारंभ किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**8. भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1942 में गोवालिया टैंक बॉम्बे में आयोजित कॉन्ग्रेस की बैठक में भारत छोड़ो प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।
2. इसमें संपूर्ण देश के किसानों की भागीदारी नहीं थी।
3. चित्तू पांडेय के नेतृत्व में बलिया में समानांतर सरकार की स्थापना हुई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**9. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम का उद्देश्य धन शोधन/मनी लॉन्ड्रिंग को रोकना तथा ऐसी अवैध गतिविधियों से जुड़ी संपत्तियों को ज़ब्त करने में सक्षम बनाना है।
2. गृह मंत्रालय के अधीन प्रवर्तन निदेशालय PMLA के तहत धन शोधन से जुड़े अपराधों की जाँच हेतु उत्तरदायी है।
3. वित्तीय आसूचना इकाई जो कि राजस्व विभाग का अंग है, भारत में संदिग्ध वित्तीय हस्तांतरण पर डेटा का प्रबंधन करने वाली केंद्रीय एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**10. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम, 2018 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध विशिष्ट अपराधों को अत्याचार के रूप में चित्रित करता है और इन कृत्यों का मुकाबला करने वाली रणनीतियों का वर्णन करता है तथा दंड निर्धारित करता है।
2. यह राज्यों के लिये उच्च स्तर की जातीय हिंसा वाले क्षेत्रों को "अत्याचार-प्रवण" घोषित करने तथा कानून-व्यवस्था पर नज़र रखने व उसे बनाए रखने के लिये योग्य अधिकारियों को नियुक्त करने के प्रावधान करता है।
3. यह गैर-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोक सेवकों द्वारा कर्त्तव्यों की जान-बूझकर उपेक्षा करने पर दंड का प्रावधान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**11. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसका उद्देश्य मैदानी क्षेत्रों में 5 लाख और उससे अधिक की आबादी वाली ग्रामीण बस्तियों को प्रत्येक मौसम के अनुकूल सड़कों के माध्यम से जोड़ना है ताकि वर्ष भर परिचालन सुनिश्चित किया जा सके।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लेखानुदान आपातकालीन निधि है जो सरकार को भारत की संचित निधि से तत्काल वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिये प्रदान की जाती है जिसका खुलासा नियमित बजट में नहीं किया जाता है।
2. संविधान लोकसभा को अनुदान को अंतिम रूप देने और विनियोग विधेयक पारित करने से पहले प्रत्याशित खर्चों के लिये प्रत्यानुदान जारी करने की अनुमति देता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**13. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना में 5 हेक्टेयर से कम भूमि वाले किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष रूप से तीन बराबर भागों में सालाना 6,000 रुपए हस्तांतरित करना शामिल है।
2. यह भारत सरकार के 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. किसानों को उनकी स्थानीय भाषा में खेती की जानकारी देने के लिये AI भाषा अनुवाद मंच, भाषिनी को पीएम-किसान के साथ एकीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का तात्पर्य विभिन्न देशों में स्थित उद्यमों में पर्याप्त लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से विदेशी निवेशकों द्वारा किये गए निवेश से है।
2. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) का तात्पर्य किसी दूसरे देश की वित्तीय परिसंपत्तियों जैसे एक्सचेंज पर उपलब्ध स्टॉक और बॉण्ड में निवेश करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**15. राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम (NSAP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों के बुज़ुर्गों, विधवाओं, विकलांग व्यक्तियों और वंचित परिवारों की सहायता करता है।
2. यह अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रशासित एक कल्याण कार्यक्रम है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**16. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बुआई के पूर्व से लेकर कटाई के बाद तक गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक जोखिमों के खिलाफ व्यापक कवरेज हेतु किफायती फसल बीमा की पेशकश करके कृषि को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है।
2. इसे 'एरिया एप्रोच बेसिस' पर डिज़ाइन किया गया है।
3. अधिसूचित फसलों के लिये कट-ऑफ तिथियाँ केवल केंद्र सरकार द्वारा तय की जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**17. सर्ववैक (CERVAVAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस (qHPV) वैक्सीन है।
2. यह हेपेटाइटिस-B टीकाकरण के समान VLP (वायरस-लाइक पार्टिकल्स) पर आधारित है।
3. इसका उपयोग ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के विरुद्ध सरकार द्वारा चलाये गए अभियान के माध्यम से किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**18. हाल ही में भारत ने अपने सरकारी बॉण्डों को वैश्विक सूचकांकों में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। निम्नलिखित में से कौन-सा/से संभावित परिणाम हो सकते है?**

1. यह दीर्घकालिक निवेश के लिये संस्थागत निवेशकों को शामिल करके चालू खाते एवं राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण की सुविधा प्रदान कर सकता है।
2. इससे सार्वजनिक उधार की लागत में गिरावट आ सकती है क्योंकि स्थानीय मुद्रा सरकारी बॉण्ड (LCGBs) में धन का प्रवाह घरेलू ब्याज दरों को कम करता है।
3. ये फंड LCGBs रखने वाले स्थानीय वित्तीय संस्थानों की बैलेंस शीट को भारमुक्त कर सकते हैं, जिससे उधार तथा निजी निवेश में वृद्धि होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**19. फिलिस्तीनियों के लिये संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (UNRWA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1949 में स्थापित, इसका उद्देश्य वर्ष 1948 के अरब-इज़रायल युद्ध के कारण वर्तमान में इज़रायल में अपने आवास खाली करने के लिये विवश फिलिस्तीनियों को सहायता प्रदान करना था।
2. UNRWA की अधिकांश फंडिंग संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों द्वारा प्रदान किये गए अनिवार्य योगदान से आती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**20. निम्नलिखित में से कौन-से संभावित जोखिम बॉण्ड बाज़ारों के अंतर्राष्ट्रीयकरण से जुड़े हैं:**

1. विनिमय दर में अस्थिरता तथा स्पिलओवर के प्रभाव
2. स्वायत्तता का ह्रास एवं अधिक ब्याज दर का जोखिम
3. स्थानीय मुद्रा बॉण्ड अंतर्वाह में अस्थिरता

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. इनमें से कोई भी नहीं

**21. हाल ही में बाल्फोर घोषणा, ओस्लो प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में समाचारों में देखा गया था:**

A. इज़रायल-फिलिस्तीन
B. भारत-पाकिस्तान
C. भारत-चीन
D. चीन-ताइवान

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर पाँच वर्षों से अधिक समय तक रखी गई संपत्ति को बेचने से प्राप्त लाभ पर लगाए गए कर से संबंधित है।
2. आमतौर पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के लिये कर की दर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ की तुलना में कम होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**23. जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जनगणना, जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत आयोजित की जाती है।
2. गृह मंत्रालय के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल तथा जनगणना आयुक्त के कार्यालय को दशकीय जनगणना आयोजित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**24. मुक्त आवाजाही व्यवस्था (FMR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-म्याँमार सीमा (IMB) के अंतर्गत पहाड़ी जनजाति के सदस्यों को भारत या म्याँमार में उनकी नागरिकता की परवाह किये बिना, दोनों ओर 50 किमी. के दायरे में यात्रा करने की अनुमति है।
2. संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किये गए एक वर्ष के वैध सीमा पास के साथ व्यक्ति सीमा पार कर सकते हैं और साथ ही प्रति यात्रा दो सप्ताह तक रह सकते हैं।
3. केंद्र सरकार की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के एक घटक के रूप में FMR को वर्ष 2018 में लागू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पाक खाड़ी भारत और श्रीलंका के दक्षिण-पूर्वी तट के बीच एक अर्ध-संलग्न उथला जल निकाय है।
2. डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनालातिवु जाफना प्रायद्वीप के पाक जलडमरूमध्य में द्वीप हैं, जिनमें डेल्फ्ट सबसे बड़ा एवं तमिलनाडु के रामेश्वरम के सबसे निकट स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**26. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 'उद्देश्य प्रस्ताव' पर आधारित है, जिसे मोतीलाल नेहरू द्वारा तैयार और प्रस्तावित किया गया था तथा संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था।
2. इसे 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1976) द्वारा संशोधित किया गया है, जिसमें तीन नए शब्द-समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जोड़े गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**27. अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य कार्यक्रमों के बीच क्रेडिट अंतरण की सुविधा प्रदान करके छात्रों को देश के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में स्वतंत्र रूप से अध्ययन करने में सक्षम बनाना है।
2. अकादमिक बैंक क्रेडिट केवल संस्थानों से साझा किया जा सकता है, छात्र के साथ नहीं।
3. अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) तथा शिक्षा मंत्रालय (MoE) की संयुक्त पहल है

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**28. पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित निम्नलिखित समितियों पर विचार कीजिये:**

1. बलवंत राय मेहता समिति
2. जी.वी.के. राव समिति
3. एल.एम. सिंघवी समिति

**निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम है?**

A. 1-2-3
B. 2-3-1
C. 1-3-2
D. 3-2-1

**29. भारत रत्न पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।
2. यह पुरस्कार केवल कला, साहित्य, विज्ञान और सार्वजनिक सेवाओं में उपलब्धियों तक ही सीमित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**30. प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केवल BPL परिवारों से लाभार्थियों को चुनने के बजाय ग्राम सभाओं द्वारा सत्यापित सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) 2011 से आवास के अभाव जैसे मापदंडों का उपयोग करता है।
2. यह कार्यान्वयन और निगरानी के लिये आवाससॉफ्ट एवं आवास एप को नियोजित करते हुए, एंड-टू-एंड ई-गवर्नेंस मॉडल का उपयोग करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**31. नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक और कौशल शिक्षा के माध्यम से अर्जित क्रेडिट को निर्बाध रूप से एकीकृत करने के लिये एक समावेशी एकल मेटा-फ्रेमवर्क है।
2. UGC और NCERT ने संयुक्त रूप से नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) विकसित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**32. पाक खाड़ी योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. इसे 2017 में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लॉन्च किया गया था।
2. इसे अम्ब्रेला ब्लू रिवोल्यूशन योजना के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।
3. यह योजना सभी भारतीय तटीय राज्यों पर लक्षित है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**33. न्यूरालिंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस नामक चिकित्सा उपकरणों की एक आगामी श्रेणी से संबंधित है जो लकवा ग्रस्त व्यक्तियों तथा दिव्यांग व्यक्तियों के मष्तिष्क में समझ विकसित करने अथवा गति करने में सक्षम बनाने हेतु मदद कर सकता है। ।
2. यह मस्तिष्क के विचारों को डिकोड करने में सहायता प्रदान करेगा तथा इन संकेतों का उपयोग कंप्यूटर और मोबाइल फोन जैसे उपकरणों को नियंत्रित करने के लिये किया जाएगा, जिससे उपयोगकर्त्ता के हाथ-पैर स्थिर रहते हुए मष्तिष्क के विचारों के माध्यम से ब्राउज़िंग या गेमिंग करने की सुविधा को सक्षम किया जा सकेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।
2. शहरों को गैर-प्राप्ति क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब वे लगातार दस वर्षों की अवधि में राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों का अनुपालन हासिल नहीं करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. द्विपक्षीय निवेश संधियाँ (BITs) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्रवाह को निर्धारित करने वाला एकमात्र कारक हैं।
2. BIT में विदेशी निवेशकों को उच्च स्तर का विश्वास प्रदान करके FDI आकर्षित करने की क्षमता है।
3. भारत पिछले दशक में उच्च स्तर का FDI आकर्षित कर रहा है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**36. निवेशक-राज्य विवाद निपटान (ISDS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह निवेशकों को विदेशी निवेश के प्रति देशों के भेदभावपूर्ण व्यवहार को कानूनी रूप से चुनौती देने की अनुमति देता है।
2. यह द्विपक्षीय निवेश संधियों (BIT) का एक घटक है जो सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत संचालित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. हाल ही में खबरों में रहा ऑपरेशन सी गार्जियन है:

A. हूती हमले को रोकने के लिये हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना का ऑपरेशन।

B. भूमध्य सागर में NATO का समुद्री सुरक्षा अभियान

C. यमन के खिलाफ अमेरिका ने की पहल

D. इनमें से कोई भी नहीं

**38. समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (The United Nations Convention on the Law of the Sea के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र के कानूनी मामलों के कार्यालय का समुद्री मामलों और समुद्र के कानून का प्रभाग (Division for Ocean Affairs and the Law of the Sea - DOALOS) इसके सचिवालय के रूप में कार्य करता है।
2. इसके तहत प्रादेशिक सागर अपनी आधार रेखाओं से 12 समुद्री मील तक फैला हुआ है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भुगतान बैंकों के लिये लाइसेंस की अवधारणा रंगराजन समिति द्वारा प्रस्तावित की गई थी।
2. भुगतान बैंकों का प्राथमिक उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना तथा प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं बीमा योजनाओं जैसी विभिन्न योजनाओं को प्रोत्साहित करना है।
3. एक भुगतान बैंक को अपनी निधि का 75% अल्पकालिक सरकारी प्रतिभूतियों तथा ट्रेज़री बिलों में निवेश करना होगा जबकि स्थापना के लिये न्यूनतम ₹100 करोड़ की पूंजी की आवश्यकता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चहलगानी तुर्क गुलाम अमीरों की एक परिषद थी जो सुल्तान की इच्छा के अनुसार दिल्ली सल्तनत का प्रशासन करती थी।
2. दिल्ली में रज़िया का मकबरा दिल्ली सल्तनत युग की प्रभावशाली वास्तुकला को प्रदर्शित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनाइटेड किंगडम इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड से बना है।
2. विंडसर फ्रेमवर्क के अंतर्गत पृथक ग्रीन और रेड लेन की स्थापना का प्रावधान है जो क्रमशः उत्तरी आयरलैंड तथा यूरोपीय संघ के बीच व्यापार से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**42. निम्नलिखित सरकारी कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1986 में शुरू किये गए केंद्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम (CRSP) का उद्देश्य शौचालय निर्माण पर सब्सिडी देकर ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार करना था, जो भारत का पहला राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता प्रयास था।
2. स्वच्छ भारत अभियान गलियों और सड़कों को साफ करने तथा देश के सामाजिक बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिये वर्ष 2014 में सरकार द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रीय अभियान है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**43. स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2014 में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. SBM-U 1.0 अपना लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा और 100% शहरी भारत को ODF घोषित किया गया।
3. SBM-U के दूसरे चरण का लक्ष्य ODF से आगे बढ़कर ODF+ और ODF++, तक जाना तथा शहरी भारत को कचरा-मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**44. व्यापार और विकास रिपोर्ट 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे विश्व व्यापार संगठन द्वारा जारी किया जाता है।
2. यह वैश्विक वित्तीय सुधारों, मुद्रास्फीति, असमानता और संप्रभु ऋण संकट से निपटने के लिये अधिक व्यावहारिक नीतियों तथा प्रमुख बाज़ारों की मज़बूत निगरानी का आग्रह करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व व्यापार संगठन का शीर्ष निर्णयन निकाय है और आमतौर पर हर दो साल में इसकी बैठक होती है।
2. वर्ष 2017 में WTO के 11वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में MSME और प्रकृति (Gender) दोनों पर अनौपचारिक कार्य समूह लॉन्च किये गए थे।
3. भारत यह तर्क देते हुए कि ये मुद्दे WTO के जनादेश का हिस्सा नहीं हैं और इसके सदस्यों को इसके बजाय WTO के अधूरे काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये, दोनों समूहों से बाहर रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**46. डेवलपमेंट इम्पैक्ट बॉण्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रकार की वित्तीय सुरक्षा है जिसका उपयोग निजी निवेशकों को आकर्षित करके कम संसाधन वाले देशों में विकास कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिये किया जाता है।
2. इसमें पारंपरिक बॉण्ड की अधिकांश विशेषताओं का अभाव होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**47. निम्नलिखित जोड़ियों पर विचार कीजिये:**

| प्रसिद्ध नाम | | शहर |
|---|---|---|
| 1. मैनचेस्टर ऑफ इंडिया | (a) | पानीपत |
| 2. शुगर बाउल ऑफ कर्नाटक | (b) | बेलगाम |
| 3. सिटी ऑफ वेवर्स | (c) | अहमदाबाद |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**48. WTO की मत्स्यपालन वित्तपोषण तंत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अहितकर सहायिकी को सीमित करने, विश्व में मछलियों को संरक्षित करने और विकासशील तथा अल्प विकसित देशों में मछुआरों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के संबंध में नियम स्थापित करता है।

2. इसका संचालन WTO द्वारा साझेदार संगठनों जैसे राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (FAO), विश्व बैंक समूह तथा कृषि विकास अंतर्राष्ट्रीय कोष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।
3. इस फंड का उद्देश्य विधायी परिवर्तन और WTO अधिसूचना प्रस्तुतियाँ सहित WTO नियमों के साथ सब्सिडी उपायों को संरेखित करने में सदस्य देशों की सहायता करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NexCAR19 भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी सेल (CAR-T सेल) थेरेपी है।
2. भारत विश्व का पहला देश है जिसके पास अपनी स्वदेशी CAR-T और जीन थेरेपी प्लेटफॉर्म है।

उपर्युक्त कनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**50. कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CABM) कर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह यूरोपीय संघ के "फिट फॉर 55 इन 2030 पैकेज" का एक प्रमुख तत्त्व है, इसे वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 55% की कमी लाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. यह विशेष रूप से सीमेंट, लोहा और इस्पात, एल्युमिनियम, उर्वरक, विद्युत एवं हाइड्रोजन के आयात पर केंद्रित होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**51. हाल ही में समाचारों में देखा गया शब्द 'ब्रैकेटिंग' का सबसे अच्छा वर्णन है:**

A. अवांछित वस्तुओं को वापस करने के इरादे से सही साइज़ की कमीज़ जैसे विभिन्न प्रकार के उत्पाद खरीदने के लिये उपभोक्ता का झुकाव
B. सीमेंट उत्पादक कंपनियों का एक कार्टेल
C. हाल ही में लॉन्च किया गया बिटकॉइन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**52. मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें एवं कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष और विपक्ष के नेता/लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे।
2. इस समिति में कोई पद रिक्त होने पर भी चयन समिति की सिफारिशें मान्य होंगी।
3. कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति चयन समिति को नामों का एक पैनल प्रस्तावित करेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन औद्योगिक, गतिशीलता और ऊर्जा क्षेत्रों के डीकार्बोनाइज़ेशन में मदद करेगा तथा आयातित जीवाश्म ईंधन एवं फीडस्टॉक पर निर्भरता कम करेगा।**

**कथन-II:** मिशन के तहत बड़े पैमाने पर उत्पादन और/या हाइड्रोजन के उपयोग का समर्थन करने में सक्षम राज्यों एवं क्षेत्रों को हरित हाइड्रोजन हब के रूप में पहचाना तथा विकसित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**54. उत्पादन अंतराल रिपोर्ट, 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
B. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
C. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)
D. विश्व बैंक

**55. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 1992 में बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप आया।
2. यह अधिनियम 16 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बच्चे के रूप में परिभाषित करता है।
3. यह अधिनियम स्वीकार करता है कि किसी भी प्रकार का यौन शोषण, पीड़ित की लैंगिकता की परवाह किये बिना, लड़के और लड़कियों दोनों के साथ हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है।
2. मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जायेगी तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर की जायेगी।
3. मंत्री मुख्यमंत्री के प्रसादपर्यंत पद धारण करेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**57. विधि आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का विधि आयोग एक गैर-वैधानिक निकाय है।
2. यह एक निश्चित कार्यावधि के लिये स्थापित आयोग है तथा विधि और न्याय मंत्रालय के लिये एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करता है।
3. चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत वर्ष 1834 में पहले विधि आयोग की स्थापना की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता का उल्लेख है, यह राज्य के नीति निदेशक तत्त्व का हिस्सा है।
2. राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व विधिक रूप से लागू करने योग्य हैं।
3. गोवा भारत में UCC के क्रियान्वयन वाला एकमात्र राज्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुल प्रजनन दर 15 से 49 वर्ष की वर्तमान आयु-विशिष्ट प्रजनन दर के आधार पर एक महिला के जीवनकाल में बच्चों की औसत संख्या है।
2. प्रति महिला लगभग 3 बच्चों की कुल प्रजनन दर को प्रतिस्थापन-स्तर की प्रजनन क्षमता कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**60. शिक्षा के अधिकार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षा के अधिकार पर पहला आधिकारिक दस्तावेज़ 1990 में सरकारिया आयोग की रिपोर्ट थी।
2. उन्नीकृष्णन जेपी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले ने कहा कि शिक्षा अनुच्छेद 21 से प्राप्त एक मौलिक अधिकार है।

नोट :

3. 2002 के 86वें संशोधन अधिनियम ने भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार के रूप में 6-14 आयु वर्ग के बच्चों के लिये निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु अनुच्छेद 21-A जोड़ा गया।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**61. भारतीय जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई:**

A. जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद
B. जैव प्रौद्योगिकी विभाग
C. नीति आयोग
D. बायोटेक रिसर्च सोसायटी ऑफ इंडिया

**62. मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोर मुद्रास्फीति खाद्य और ऊर्जा क्षेत्रों से संबंधित वस्तुओं एवं सेवाओं को छोड़कर, वस्तुओं तथा सेवाओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को मापती है।
2. समग्र मुद्रास्फीति स्तरों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के प्रयास में केंद्रीय मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के लिये एक उपयोगी संकेतक के रूप में कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**63. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: लखपति दीदी योजना का लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों (SHG) के भीतर महिलाओं को प्रशिक्षित करना है ताकि वे प्रति परिवार कम से कम 1 लाख रुपए की स्थायी वार्षिक आय उत्पन्न करने में सक्षम हो सकें।**

**कथन-II: इस योजना के तहत कृषि क्षेत्र में सहायता प्रदान करने के लिये चयनित महिला SHG को ड्रोन प्रदान किये जाएंगे।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**64. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का कार्यान्वयन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया गया है।
2. गरीबी रेखा से नीचे (BPL) जीवन यापन करने वाले परिवार की कोई भी वयस्क महिला उज्ज्वला योजना के तहत जमा-मुक्त LPG गैस कनेक्शन के लिये आवेदन कर सकती है।
3. BPL परिवारों की पहचान सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना डेटा 2011 के माध्यम से की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**65. INSAT-1B के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली उपग्रहों का हिस्सा था जो पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों की एक श्रृंखला है।
2. इसे NASA के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से चैलेंजर अंतरिक्ष शटल द्वारा तैनात किया गया था।
3. 7 वर्ष बाद जुलाई 1990 में INSAT-1B को INSAT-1D से बदल दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: समान नागरिक संहिता पूरे देश के लिये एक समान कानून के साथ ही सभी धार्मिक समुदायों के लिये विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने आदि कानूनों में भी एकरूपता प्रदान करने का प्रावधान करती है।**

**कथन-II: संविधान के अनुच्छेद 44 में वर्णित है कि राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**67. एम.एस स्वामीनाथन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें हरित क्रांति में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिये व्यापक रूप से पहचाना गया, जिसने फसल उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की और देश हेतु खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।
2. स्वामीनाथन और नॉर्मन बोरलॉग ने उच्च उपज वाले गेहूँ एवं चावल की कृषि पर कार्य किया, जिसमें अर्द्ध-वामन गेहूँ की किस्में भी शामिल थीं।
3. उन्होंने पौधों की किस्मों और किसानों के अधिकार संरक्षण अधिनियम 2001 को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**68. 'भारत रत्न' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है और इसकी स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी।
2. संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अनुसार, पुरस्कार का उपयोग प्राप्तकर्त्ता के नाम के उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में नहीं किया जा सकता है।
3. पुरस्कार प्रदान किये जाने पर, प्राप्तकर्त्ता को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पदक प्राप्त होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**69. दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार (RPwD) अधिनियम, 2016 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दिव्यांगता से पीड़ित लोगों के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण को 3% से बढ़ाकर 4% और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3% से बढ़ाकर 5% कर देता है।
2. 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क दिव्यांगता वाले प्रत्येक बच्चे को मुफ्त शिक्षा का अधिकार होगा।
3. एसिड अटैक पीड़ितों को RPwD अधिनियम, 2016 के दायरे से बाहर रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**70. 'महिला आरक्षण अधिनियम, 2023' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान (106वाँ संशोधन) अधिनियम, 2023 लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिये सभी सीटों में से एक-चौथाई सीटें आरक्षित करता है।
2. प्रत्येक परिसीमन प्रक्रिया के बाद महिलाओं के लिये आवंटित सीटों का चक्रण संसदीय कानून द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई से नहीं

नोट :

**71. 'भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली (Local Currency Settlement System- LCSS) स्थापित करने के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
2. यह निर्यातकों और आयातकों को अपनी-अपनी घरेलू मुद्राओं में भुगतान करने में सक्षम बनाएगा तथा INR-AED विदेशी मुद्रा बाज़ार के विकास को सक्षम करेगा।
3. दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों ने भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (Unified Payments Interface-UPI) को यूएई के इंस्टेंट पेमेंट प्लेटफॉर्म (Instant Payment Platform- IPP) के साथ जोड़ने पर सहयोग करने के लिये हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**72. COP-28 जलवायु शिखर सम्मेलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सदस्य देश जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे देशों को मुआवज़ा देने के उद्देश्य से हानि और क्षति (Loss and Damage) कोष को संचालित करने के लिये एक समझौते पर पहुँचे।
2. ग्लोबल रिवर सिटीज़ एलायंस को जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (National Mission for Clean Ganga) द्वारा लॉन्च किया गया था।
3. ग्रीन क्रेडिट पहल की अवधारणा स्वैच्छिक ग्रह-समर्थक (pro-planet) कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये एक तंत्र के रूप में की गई है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद के दो सत्रों के बीच अधिकतम अंतराल छह महीने से अधिक नहीं हो सकता।
2. अनिश्चित काल के लिये स्थगन का अर्थ है संसद की बैठक को अनिश्चित काल के लिये समाप्त करना है।
3. सत्र का कामकाज पूरा होने पर पीठासीन अधिकारी (अध्यक्ष या सभापति) सदन को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी संसद सदस्य को सत्र से निलंबित करने की शक्ति भारत के राष्ट्रपति के पास है।
2. यदि किसी संसद सदस्य को दो से अधिक बार निलंबित किया जाता है, तो इससे सदन की उसकी सदस्यता स्वत: समाप्त हो जाती है।
3. भारत के संविधान के तहत केवल लोकसभा के सदस्यों को ही निलंबित किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**75. उपाध्यक्ष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अध्यक्ष का वेतन भारत की संचित निधि पर भारित होता है, जबकि उपाध्यक्ष का वेतन भारत के लोक लेखा पर भारित होता है।
2. वह अध्यक्ष के अधीन होता है।
3. जब भी उन्हें किसी संसदीय समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वे स्वत: ही इसके अध्यक्ष बन जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

76. ग्लोबल ग्रीन क्रेडिट (GGC) पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे जलवायु परिवर्तन की चुनौती के प्रभावी प्रतिक्रिया के रूप में पृथ्वी के हित से जुड़े स्वैच्छिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये एक तंत्र के रूप में तैयार किया गया है।
2. इसका उद्देश्य प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों का जीर्णोद्धार करने तथा उन्हें पुनर्जीवित करने के लिये बंजर/खराब भूमि और नदी जलग्रहण क्षेत्रों पर वृक्षारोपण के लिये ग्रीन क्रेडिट जारी करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

77. I2U2 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ईरान, इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच स्थापित एक नया रणनीतिक सहयोग है।
2. इस समूह में भारत को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।
3. इसकी स्थापना जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिये की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

78. रक्षा अधिग्रहण परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तीनों सेनाओं के लिये नई नीतियों और पूंजी अधिग्रहण पर निर्णय लेने के लिये रक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है।
2. इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

79. समान नागरिक संहिता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।
2. वर्तमान में भारत में विभिन्न समुदाय अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित होते हैं।
3. इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन बनाम केरल राज्य (2018) ने स्थापित किया कि व्यक्तिगत/प्रथागत कानून सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार अनुच्छेद 13 के दायरे में आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

80. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह रक्षा मंत्रालय में नव निर्मित सैन्य मामलों के विभाग (DMA) के प्रमुख हैं।
2. CDS के पास तीनों प्रमुखों को निर्देश जारी करने का अधिकार है और सेनाओं पर कमांड का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

81. बैंक रन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब कई ग्राहकों का बैंक पर से भविष्य के किसी जोखिम के कारण विश्वास समाप्त हो जाता है और वे एक साथ अपनी जमाराशि वापिस ले लेते हैं तो इसे बैंक रन कहा जाता है
2. भारत में बैंक रन की घटना को कम करने के लिये वर्ष 1933 में फेडरल डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (FDIC) की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**82. SWATI पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में विकसित इस प्रकार का पहला व्यापक इंटरैक्टिव डेटाबेस है जिसका विकास, मेज़बानी और रखरखाव नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (NIPGR) द्वारा किया जाता है।
2. इसका लक्ष्य एक एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करना है जो STEMM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, गणित और चिकित्सा) में भारतीय महिलाओं एवं लड़कियों का प्रतिनिधित्व करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**83. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य पत्नी अथवा महिला लिव-इन पार्टनर को पति, पुरुष लिव-इन पार्टनर अथवा उसके नातेदारों द्वारा किये जाने वाले हिंसा से बचाना है।
2. अपराधी पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाने वाली महिला ही शिकायत दर्ज कर सकती है।
3. एक बच्चा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत राहत प्राप्त कर सकता है तथा बच्चे की माँ उसकी ओर से आवेदन कर सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**84. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट भारत और म्याँमार के बीच एक संयुक्त परियोजना है जिसका उद्देश्य भारत के पूर्वी बंदरगाहों से म्याँमार तक कार्गो शिपमेंट के लिये एक मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली स्थापित करना है।**

**कथन-II: कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट चिकन नेक का एक विकल्प प्रदान करता है, जो अपनी पूर्वोत्तर सीमा पर भारत का नियंत्रण बढ़ाता है और लॉजिस्टिक कमज़ोरियों को कम करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**85. सुपारी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके लिये प्रचुर एवं सुवितरित वर्षा की आवश्यकता होती है।
2. यह भारत की मूल फसल है।
3. भारत सुपारी के वैश्विक उत्पादन में अग्रणी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं??**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**86. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | जनजाति | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | कुकी | मणिपुर |
| 2. | हखा | म्याँमार |
| 3. | भील | मिज़ोरम |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

**87. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (Insolvency and Bankruptcy Code-IBC), 2016 भारत का दिवालियापन कानून है जो कॉर्पोरेट व्यक्तियों, साझेदारी फर्मों एवं व्यक्तियों के दिवालियेपन से संबंधित मौजूदा कानूनों को समेकित तथा संशोधित करता है।**

नोट :

**कथन-II: IBC का लक्ष्य दिवाला समाधान के लिये समयबद्ध और लेनदार-संचालित प्रक्रिया प्रदान करना एवं देश में क्रेडिट संस्कृति तथा कारोबारी माहौल में सुधार करना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**88. 'श्वेत पत्र (White Paper)' जो आमतौर पर समाचारों में देखा जाता है वह है:**

A. पुनर्चक्रित कचरे से बना पर्यावरण-अनुकूल (eco-friendly) कागज़।

B. एक दस्तावेज़ जो जनता को किसी मुद्दे के बारे में सूचित करता है और सरकार इसे रेखांकित करने की योजना बना रही है।

C. एक चेक, जो खाते में धनराशि की कमी के कारण बाउंस हो जाता है।

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89. इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष

B. भारत का जनसंख्या फाउंडेशन

C. जैवविविधता केंद्र

D. जनसंख्या केंद्रों का संघ

**90. गिनी गुणांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह धन असमानताओं के मूल्यांकन में सहायता करने वाले देशों के भीतर या देशों के बीच आर्थिक असमानता का एक सांख्यिकीय उपाय है।
2. इसका मान 0 से 1 तक होता है, जिसमें 0 पूर्ण समानता का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ धन समान रूप से वितरित होता है और 1 पूर्ण असमानता का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ एक व्यक्ति सारी संपत्ति का स्वामी होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**91. कतर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी एकमात्र भूमि सीमा दक्षिण में ओमान के साथ साझा होती है।
2. बहरीन की खाड़ी, फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार, कतर को बहरीन से अलग करती है।
3. 2030 के एशियाई खेल कतर में आयोजित किये जायेंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**92. विश्व सरकार शिखर सम्मेलन (World Government Summit) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है जहाँ वैश्विक नेता, नीति निर्माता, विशेषज्ञ और विचारक वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिये मिलते हैं।
2. यह प्रतिवर्ष दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाता है।
3. शिखर सम्मेलन, 2024 की थीम "भविष्य की सरकारों को आकार देना (Shaping Future Governments)" है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**93. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **ऑपरेशन** | | **उद्देश्य** |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑपरेशन बंदर | (a) | सूडान से सुरक्षित वापस लाये गए भारतीय |
| 2. | ऑपरेशन कावेरी | (b) | भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला |
| 3. | ऑपरेशन मदद | (c) | बाढ़ग्रस्त केरल में राहत अभियान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**94. लोकसभा के उपाध्यक्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में डिप्टी स्पीकर की संस्थाओं की शुरुआत भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रावधानों के तहत वर्ष 1921 में की गई।
2. संविधान के अनुच्छेद 280 में प्रावधान है कि लोकसभा को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिये लोकसभा के दो सदस्यों का चुनाव करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**95. ट्रेडिंग में 'फ्रंट रनिंग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें जनता के सामने प्रकट होने से पहले दलालों या विश्लेषकों से विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी का उपयोग करके शेयर बाज़ार में व्यापार करना शामिल है।
2. फ्रंट-रनिंग ट्रेडों के लिये सामान्य रणनीतियों में क्रय-क्रय-विक्रय (BBS) और विक्रय-विक्रय-क्रय (SSB) ट्रेडिंग प्रणाली शामिल हैं।
3. भारत में फ्रंट रनिंग में संलग्न होना गैर-कानूनी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रीयूनियन, मैयट और हिंद महासागर में बिखरे हुए द्वीपों के फ्राँसीसी विदेशी क्षेत्र के माध्यम से फ्राँस हिंद महासागर में तटीय राज्य है।
2. यह मेडागास्कर के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और आधिकारिक रूप से यूरोपीय संघ का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**97. दिव्यांग जनों का अधिकार अधिनियम, 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके अनुसार दिव्यांग जनों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।
2. मान्यता प्राप्त दिव्यांगताओं की संख्या 7 से बढ़कर 21 हो गई है, जिसमें केंद्र सरकार के पास अतिरिक्त प्रकारों शामिल करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**98. फतेहपुर सीकरी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुगल बादशाह जहांगीर ने इसकी स्थापना की थी।
2. अपर्याप्त जल आपूर्ति के कारण दिल्ली स्थानांतरित होने से पहले फतेहपुर सीकरी मुगल साम्राज्य की राजधानी था।
3. वर्ष 1986 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल नामित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**99. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है।
2. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के प्रमुख क्षेत्र के आठ उद्योगों में सबसे ज्यादा भारांक रिफाइनरी उत्पादों का है, जिसके बाद उर्वरकों का स्थान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**100. भारत रत्न पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।
2. भारत रत्न प्राप्तकर्त्ता भारतीय वरीयता क्रम में चौथे स्थान पर हैं।
3. यह पुरस्कार केवल भारतीय नागरिकों को ही प्रदान किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**101. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | स्थान | राष्ट्र |
|---|---|---|
| 1. | बखमुत | ईरान |
| 2. | बख्तियारी | यूक्रेन |
| 3. | अंकारा | तुर्किये |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**102. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1987 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी, इसका उद्देश्य वस्तुओं के मानकीकरण और गुणवत्ता आश्वासन में सामंजस्यपूर्ण विकास सुनिश्चित करना है।
2. यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**103. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA) 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करना है।
2. यह छह समुदायों के सदस्यों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट अधिनियम, 1920 के तहत किसी भी आपराधिक मामले से छूट प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**104. वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रतिवर्ष विश्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।
2. यह चार क्षेत्रों अर्थात् आर्थिक भागीदारी और अवसर, शिक्षा प्राप्ति, स्वास्थ्य और उत्तरजीविता तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर लैंगिक समानता का आकलन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**105. आरटीआई अधिनियम 2005 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें संविधान, कानूनों और सरकारी अधिसूचनाओं के तहत स्थापित सभी संस्थाएँ शामिल हैं।
2. सभी निजी निकाय, जो सरकार के स्वामित्व, नियंत्रण या यहाँ तक कि पर्याप्त रूप से वित्तपोषित हैं, को इस अधिनियम से छूट दी गई है।
3. केंद्रीय सूचना आयोग सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**106. वित्त आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में वित्त आयोग भारतीय संविधान के तहत एक स्थायी निकाय है।
2. इसका प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है।
3. 15वें वित्त आयोग ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिये आधुनिकीकरण कोष (MFDIS) स्थापित करने की सिफारिश की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**107. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951, भारत में चुनावों के लिये नियमों की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें चुनाव खर्च, योगदान और खाता की देखरेख शामिल है।**

**कथन-II: भारत में चुनाव प्रक्रिया राज्य-पोषित है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कंपनी अधिनियम, 2013 राजनीतिक दलों और उनके दानदाताओं के कर व्यवहार को नियंत्रित करता है।
2. आयकर अधिनियम,1961, राजनीतिक दलों को कॉर्पोरेट चंदे को नियंत्रित करता है।
3. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) द्वारा इलेक्टोरल ट्रस्ट योजना (Electoral Trusts Scheme), 2013 को अधिसूचित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**109. समान नागरिक संहिता (UCC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य खंडित व्यक्तिगत कानूनों को सभी धार्मिक समुदायों पर लागू होने वाले एकल कानून से बदलना है, जो विवाह, तलाक, विरासत आदि जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करता है।
2. संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार, राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**110. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) वकीलों पर अनुशासनात्मक अधिकार का प्रयोग करते हुए आचरण मानकों की स्थापना और कानूनी शिक्षा के लिये विश्वविद्यालयों को मान्यता देकर कानूनी पेशे को नियंत्रित करती है।**

**कथन-II: बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) अधिवक्ता अधिनियम 1961 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**111. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1) का हिस्सा है?**

1. वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
2. शांतिपूर्वक और बिना हथियारों के एकत्र होने का अधिकार

नोट :

3. संघ अथवा यूनियन अथवा सहकारी समितियाँ बनाने का अधिकार
4. भारत के संपूर्ण राज्यक्षेत्र में स्वतंत्र रूप से विचरण करने का अधिकार
5. भारत किसी भी भाग में निवास करने एवं बसने का अधिकार

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1,3,4 और 5
C. केवल 1,2,3,4 और 5
D. केवल 4 और 5

**112. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर आधारित है।
2. भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय लेती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**113. यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत वर्ष 1960 में स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
2. यूरोपीय संघ की सदस्यता होने की दशा में स्वत: यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) की सदस्यता प्राप्त हो जाती है।
3. यह विश्व का सबसे बड़ा सीमा शुल्क संघ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**114. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुसार, केवल RBI अथवा RBI अधिनियम द्वारा अधिकृत केंद्र सरकार ही कोई विनिमयपत्र अथवा वचनपत्र निर्गमित कर सकती है, स्वीकार कर सकती है, तैयार कर सकती है अथवा जारी कर सकती है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 ने बैंक के संचालन के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित किया, जिसका परिचालन वर्ष 1935 से शुरू हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**115. नज़ूल भूमि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नज़ूल भूमि पर सरकार का स्वामित्व होता है किंतु इसे प्रत्यक्ष रूप से राज्य संपत्ति के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाता है।
2. राज्य आमतौर पर ऐसी भूमि को किसी भी इकाई को 15 से 99 वर्ष के बीच एक निश्चित अवधि के लिये पट्टे पर आवंटित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**116. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्येक धन विधेयक एक वित्तीय विधेयक होता है किंतु प्रत्येक वित्तीय विधेयक एक धन विधेयक नहीं होता है।
2. राज्यसभा के पास धन विधेयकों में संशोधन करने तथा अस्वीकार करने का अधिकार नहीं है किंतु उनके द्वारा वित्त विधेयकों को संशोधित अथवा अस्वीकार किया जा सकता है।
3. एक विधेयक जिसमें अन्य विषयों के साथ कराधान अथवा व्यय संबंधी कारक शामिल हैं, उसे वित्तीय विधेयक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**117. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है किंतु किसी भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रशासित अंतर्राष्ट्रीय संधियों अथवा सम्मेलनों का सदस्य नहीं है।**

**कथन-II: बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) व्यक्तियों को एक विशिष्ट अवधि के लिये आविष्कारों, कलात्मक और साहित्यिक रचनाओं के साथ-साथ वाणिज्यिक प्रतीकों एवं प्रतिबिंबों सहित उनके रचनात्मक कार्यों पर विशेष अधिकार प्रदान करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**118. शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने 2009 में बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान की और साथ ही इसे अनुच्छेद 21-A के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में लागू किया गया।
2. शिक्षा के अधिकार पर पहला आधिकारिक दस्तावेज़ वर्ष 1990 में राममूर्ति समिति की रिपोर्ट थी।
3. वर्ष 2002 में भारत के संविधान में 96वें संशोधन द्वारा संविधान के भाग III में शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में प्रदान किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**119. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

1. एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ (1994) में सुप्रीम कोर्ट ने पुष्टि की कि धर्मनिरपेक्षता और संघवाद भारतीय संविधान के मूलभूत पहलू हैं।
2. यूनियन ऑफ इंडिया बनाम एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (2002) मामले में निजता के अधिकार की एक मौलिक एवं अपरिहार्य अधिकार के रूप में पुष्टि की गई थी।
3. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टी.के.एच.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ मामले में उम्मीदवारों की व्यक्तिगत जानकारी, जैसे संपत्ति आदि का खुलासा करना आवश्यक था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**120. समाचारों में अक्सर देखा जाने वाला 'डेटा विशिष्टता का सिद्धांत' है:**

A. किसी नियामक प्राधिकरण द्वारा नई दवा की मंज़ूरी के बाद आमतौर पर दवा कंपनियों को एक निश्चित अवधि के लिये सुरक्षा प्रदान करना।

B. इस सिद्धांत के अनुसार डेटा एक सार्वजनिक वस्तु है।

C. इसमें परिकल्पना की गई है कि सरकार देश के नागरिकों के डेटा का स्वामित्व रखने वाली एकमात्र प्राधिकारी है।

D. इनमें से कोई भी नहीं।

**121. सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विवाहित, विधवा और एकल महिलाओं को सरोगेसी का अधिकार देता है।
2. यह व्यावसायिक सरोगेसी पर प्रतिबंध लगाता है, जिसके लिये 10 वर्ष के कारावास की सज़ा और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।
3. यह कानून केवल परोपकारी सरोगेसी की अनुमति देता है जहाँ पैसे का विनिमय नहीं होता है और जहाँ सरोगेट माँ आनुवंशिक रूप से संतान के इच्छुक युगल/जोड़े से संबंधित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**122. तुंगभद्रा नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वरदा नदी और हगारी (वेदाथी) नदी इसकी दो प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।
2. यह उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों से होकर बहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**123. चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (QUAD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक रणनीतिक मंच है जिसमें अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।
2. हाल ही में QUAD के सचिवालय का उद्घाटन नई दिल्ली में हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**124. पीएम किसान योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना में सभी भूमिधारक किसानों के बैंक खातों में उनकी भूमि के आकार की परवाह किये बिना, 6,000 रुपये वार्षिक का सीधा हस्तांतरण, तीन बराबर भागों में वितरित करके किया जाता है।
2. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका 100% वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा किया जाता है।
3. इसका कार्यान्वयन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**125. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2024-25 में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने हेतु ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) को लक्षित करते हुए 9-14 वर्ष की लड़कियों के लिये तीन चरण का टीकाकरण अभियान शुरू किया है।**

**कथन-II: सर्वाइकल कैंसर के लगभग सभी मामले (99%) उच्च जोखिम वाले HPV संक्रमण से जुड़े हैं, जो यौन संपर्क के माध्यम से प्रसारित होने वाला एक अत्यंत सामान्य वायरस है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**126. रक्षा अताशे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रक्षा अताशे (DA) एक सामान्य शब्द है जो सशस्त्र सेवाओं की सभी शाखाओं के कर्मियों को कवर करता है, हालाँकि कुछ बड़े देश वायु सेना या नौसेना अताशे जैसी व्यक्तिगत सेवा शाखा का प्रतिनिधित्व करने के लिये एक अताशे की नियुक्ति कर सकते हैं।
2. रक्षा अताशे विदेश में अपने देश के दूतावास में रक्षा प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है तथा इस क्षमता में राजनयिक स्थिति और प्रतिरक्षा प्राप्त करता है।
3. भारत के पास विश्व में सबसे अधिक रक्षा अताशे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**127. हाल ही में समाचारों में देखा गया C-स्पेस है:**

A. केरल का पहला सरकारी स्वामित्व वाला ओटीटी प्लेटफॉर्म।
B. इसरो द्वारा लॉन्च किया गया एक मौसम पूर्वानुमान उपग्रह।
C. DRDO द्वारा लॉन्च किया गया एक UAV।
D. इनमें से कोई भी नहीं।

नोट :

**128. निम्नलिखित कथनों पर पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत में गर्भपात वैध है जिसके तहत गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की अनुमति दी जाती है जो गर्भपात के संबंध में संबद्ध महिला की इच्छा के समर्थन को दर्शाता है।**

**कथन-II: भारत ने शांतिलाल समिति की अनुशंसाओं के आधार पर गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 (MTP एक्ट 1971) पारित कर गर्भपात को वैध बनाने की शुरुआत की।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**129. भारत-ग्रीस संबंधों में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीस के साथ भारत का संपर्क 2500 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था।
2. गांधार कला, जो वर्तमान पाकिस्तान और अफगानिस्तान के क्षेत्र में विकसित हुई, भारतीय एवं ग्रीक/यूनानी प्रभावों का परिणाम मानी जाती है।
3. भारत और ग्रीस दोनों ने बहुपक्षीय अभ्यास, INIOCHOS-23 में भाग लिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**130. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **जनजाति** | **स्थान** |
|---|---|---|
| 1. | चिन | राजस्थान |
| 2. | कुकी | मणिपुर |
| 3. | मिज़ो | मिज़ोरम |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**131. मुक्त आवागमन व्यवस्था (FMR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य स्थानीय सीमा व्यापार को सुविधाजनक बनाना, सीमावर्ती निवासियों के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार करना तथा राजनयिक संबंधों को मज़बूत करना है।
2. भारत की यह व्यवस्था बांग्लादेश, नेपाल और म्याँमार के साथ है।
3. जबकि मुक्त आवागमन व्यवस्था को हाल ही में म्याँमार के साथ निलंबित कर दिया गया है लेकिन बांग्लादेश और नेपाल के साथ जारी रहेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**132. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रतिवर्ष खरीफ और रबी मौसम से पहले 23 फसलों के लिये MSP अधिसूचित करती है।
2. यह एक संदर्भ मूल्य के रूप में कार्य करता है जिस पर सरकार और उसकी एजेंसियाँ किसानों से कुछ खाद्यान्न खरीदती हैं।
3. निजी व्यापारियों या कंपनियों द्वारा खाद्यान्न की खरीद के लिये भी MSP अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**133. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: क्यासानूर वन रोग (KFD), एक ज़ूनोटिक बीमारी है, जिसे बंदरों की मृत्यु से जुड़े होने के कारण बोलचाल की भाषा में "बंदर रोग" कहा जाता है।**

**कथन-II: यह क्यासनूर वन रोग वायरस (KFDV) के कारण होता है, जो मुख्य रूप से मनुष्यों तथा बंदरों को प्रभावित करता है।**

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**135. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | स्थान | देश |
|---|---|---|
| 1. | क्रीट द्वीप | ग्रीस |
| 2. | सगाइंग | म्याँमार |
| 3. | नुसंतारा | इंडोनेशिया |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें कोई भी नहीं

**136. भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंधों में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UAE वर्तमान में भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार, दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य और भारत का FDI का चौथा सबसे बड़ा स्रोत है।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद संयुक्त अरब अमीरात दूसरा देश है जिसके साथ भारत ने व्यापार के साथ-साथ निवेश समझौता किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**137. ग्रीस की सीमा निम्नलिखित में से किससे लगती है:**

1. अल्बेनिया
2. उत्तरी मैसेडोनिया
3. बुल्गारिया
4. तुर्की

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 2, 3, और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**138. भगवान महावीर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महावीर इक्ष्वाकु वंश से संबंधित थे।
2. प्राकृत भाषा के प्रयोग के कारण प्रायः आम जनमानस भी महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाओं एवं उपदेशों को समझने में समर्थ थे।
3. इन 5 शिक्षाओं में ब्रह्मचर्य (ब्रह्मचर्य/शुद्धता) को महावीर द्वारा जोड़ा गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौलिक अधिकार न्यायसंगत हैं क्योंकि उल्लंघन होने पर उन्हें अदालतों द्वारा कानूनी रूप से लागू किया जा सकता है।
2. यदि कोई कानून मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, तो अदालतें इसे अमान्य और असंवैधानिक घोषित नहीं कर सकती हैं, वे केवल संसद से कानून में संशोधन करने का अनुरोध कर सकती हैं।
3. राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान, अनुच्छेद 20 और 21 के तहत गारंटीकृत अधिकारों को छोड़कर, मौलिक अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) तटीय नियामक क्षेत्र के अतिरिक्त भारत की पर्यावरण एवं वन नीतियों के प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार है।

नोट :

2. पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना, 2006 का उद्देश्य देश में विभिन्न विकास परियोजनाओं को उनके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों के अनुसार विनियमित करना है।
3. केंद्र सरकार के पास पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत तटीय विनियमन क्षेत्र जारी करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**141. पर्यावरण निष्पादन सूचकांक निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है:**

A. विश्व आर्थिक मंच
B. जलवायु परिवर्तन से संबंधित अंतर-सरकारी पैनल
C. स्वास्थ्य और प्रदूषण पर वैश्विक गठबंधन (GAHP)
D. अर्थ सिस्टम गवर्नेंस प्रोजेक्ट (ESGP)

**142. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मिस्र वर्ष 1979 में इज़रायल के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला अरब राज्य था।
2. मिस्र तथा जॉर्डन के बाद सऊदी अरब, इज़रायल को मान्यता देने वाला तीसरा अरब राष्ट्र बन गया।
3. अब्राहम समझौते में पर्यटन, व्यापार, स्वास्थ्य देखभाल एवं सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन तथा इज़रायल के बीच दूतावासों की स्थापना और सहयोग शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**143. डिजिटल प्रकाशक सामग्री शिकायत परिषद (DPCGC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ऑनलाइन क्यूरेटेड सामग्री प्रदाताओं (OCCP) के लिये एक स्वतंत्र स्व-नियामक निकाय है।
2. इसकी स्थापना इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) के तत्त्वावधान में की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**144. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन- I: वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 का प्राथमिक उद्देश्य, गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिये वन-भूमि के अप्रतिबंधित रूपांतरण को नियंत्रित करना और देश की विकासात्मक आवश्यकताओं व इसकी प्राकृतिक संपदा के संरक्षण के बीच तर्कसंगत संतुलन बनाए रखना है।**

**कथन- II: इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिये वन भूमि के व्यपवर्तन/परिवर्तन के लिये केंद्र सरकार की पूर्व मंज़ूरी आवश्यक है।**

उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन- II दोनों सही हैं तथा कथन- II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन- II दोनों सही हैं तथा कथन- II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन II सही है।

**145. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 48A निर्दिष्ट करता है कि राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा देश के वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करने का प्रयास करेगा।
2. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधिनियमन की उत्पत्ति मानव पर्यावरण पर एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन– स्टॉकहोम सम्मेलन में हुई।
3. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 256 के तहत अधिनियमित किया गया था जो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी बनाने के लिये कानून बनाने का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**146. INSAT-3DS उपग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. INSAT-3DS उपग्रह भूस्थिर कक्षा से तीसरी पीढ़ी के मौसम विज्ञान उपग्रह का एक अनुवर्ती मिशन है।
2. यह पूर्ण रूप से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा वित्तपोषित है।
3. इसे मौसम पूर्वानुमान तथा आपदा चेतावनी के लिये उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन और पृथ्वी सतह एवं समुद्री प्रेक्षणों की निगरानी के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रायोजेनिक इंजन अथवा क्रायोजेनिक चरण, क्रायोजेनिक तकनीक का उपयोग करने वाले अंतरिक्ष प्रमोचक रॉकेट के अंतिम चरण का प्रतिनिधित्व करता है।
2. क्रायोजेनिक इंजन प्रणोदक के रूप में तरल ऑक्सीजन (LOX) और तरल हाइड्रोजन (LH2) का उपयोग करता है, जो बहुत निम्न ताप पर तरल हो जाते हैं।
3. ऑक्सीजन और हाइड्रोजन जैसे तरल प्रणोदक प्रति इकाई द्रव्यमान में बहुत कम ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे रॉकेट पर ईंधन भार बढ़ जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**148. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।
2. कंपनी का लक्ष्य एशियाई विकास बैंक (ADB) से वित्त पोषण वाले दक्षिण-एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) सदस्य देशों के साथ क्षेत्रीय स्तर पर कुशल और सुरक्षित परिवहन की सुविधा प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**149. उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FRP, सरकार द्वारा निर्धारित वह मूल्य है जो किसानों से खरीदे गए गन्ने के बदले में मिलों को उन्हें देना होता है।
2. आवश्यक वस्तु अधिनियम (ECA), 1955 के तहत जारी गन्ना नियंत्रण आदेश, 1966 देश भर में FRP के भुगतान को नियंत्रित करता है।
3. गन्ना उद्योग को पुनर्गठित करने हेतु FRP एम.एस. स्वामीनाथन रिपोर्ट पर आधारित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**150. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: हाल ही में भारत से फोन निर्यात 5 बिलियन डॉलर का आँकड़ा पार कर गया, जिससे भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्यातक बन गया।**

**कथन-II: इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय नीति 2019 (NPE,2019) में भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन तथा विनिर्माण (ESDM) के लिये एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना की गई है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

नोट :

**151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन- I: ईको निवास संहिता (Eco Niwas Samhita) उष्णता/गर्मी के लाभ और नुकसान को विनियमित करने एवं पर्याप्त प्राकृतिक वेंटिलेशन व दिन के उजाले की क्षमता सुनिश्चित करने के लिये आवरण निर्माण हेतु न्यूनतम प्रदर्शन मानक स्थापित करती है।**

**कथन- II: भवन निर्माण क्षेत्र की कुल ऊर्जा खपत का लगभग 75% आवासीय भवनों में होता है, समय के साथ उनकी सकल ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय और निरंतर वृद्धि हुई है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**152. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PMJAY) को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार शीर्ष निकाय है।
2. यह पूर्ण कार्यात्मक स्वायत्तता के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
3. यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा संचालित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**153. हाल ही में समाचारों में देखा गया संविधान के अनुच्छेद 142 का सर्वोत्तम वर्णन है:**

A. सर्वोच्च न्यायालय का मूल क्षेत्राधिकार
B. सर्वोच्च न्यायालय को पूर्ण न्याय करने का अधिकार
C. सर्वोच्च न्यायालय का सलाहकार क्षेत्राधिकार
D. सर्वोच्च न्यायालय का लिखित क्षेत्राधिकार

**154. कुरुवद्वीप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है।
2. यह एक घनी आबादी वाला नदी डेल्टा है जो काबिनी नदी के बीच में स्थित टापुओं के एक समूह से मिलकर बना है जिसमें समृद्ध वनस्पतिजात और प्राणिजात शामिल हैं।
3. इसके वनों में औषधीय जड़ी-बूटियाँ पाई जाती हैं तथा साथ ही यह विभिन्न प्रजातियों के ऑर्किड और प्रवासी पक्षियों को निवास प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**155. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 76 भारत के लिये अटॉर्नी जनरल (AG) की नियुक्ति के संबंध में प्रावधान करता है, जबकि अनुच्छेद 77 भारत के सॉलिसिटर जनरल की नियुक्ति का प्रावधान करता है।
2. महान्यायवादी को अपने कर्त्तव्यों के पालन में भारत के राज्यक्षेत्र में सभी न्यायालयों में सुनवाई का अधिकार होगा।
3. अनुच्छेद 88 के तहत अटॉर्नी जनरल को किसी भी सदन, किसी भी सदन की संयुक्त बैठक और संसद की किसी भी समिति की कार्यवाही में बोलने एवं भाग लेने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**156. वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसका लक्ष्य केवल अरुणाचल प्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की उत्तरी सीमाओं में चयनित गाँवों का व्यापक विकास करना है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**157. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: चारधाम परियोजना का उद्देश्य हिमालय में चारधाम तीर्थस्थलों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) तक कनेक्टिविटी बढ़ाना है, जिससे सुरक्षित, तीव्र और अधिक सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित हो सके।**

**कथन-II: चारधाम परियोजना उन राजमार्गों का विस्तार करेगी जो तीर्थ स्थलों को जोड़ते हैं, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) 125 का टनकपुर-पिथौरागढ़ खंड भी शामिल है, जो कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग का हिस्सा है।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-I,I कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**158. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | विवाद | देश |
|---|---|---|
| 1. | पारासेल द्वीप | चीन, ताइवान, वियतनाम |
| 2. | स्कारबोरो शोल | चीन, फिलीपींस |
| 3. | सेनकाकू | भारत, चीन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**159. राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह राज्य विधानसभा को बुला सकता है या स्थगित कर सकता है और राज्य विधानसभा को भंग कर सकता है।
2. वह प्रत्येक आम चुनाव के बाद पहले सत्र और प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र के प्रारंभ में राज्य विधानमंडल को संबोधित कर सकता है।
3. वह राज्य विधानमंडल के सदस्यों की अयोग्यता के प्रश्न पर चुनाव आयोग के परामर्श से निर्णय लेता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**160. शॉर्ट सेलिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें निवेशकों को कीमत में गिरावट की प्रत्याशा में स्टॉक या प्रतिभूतियों को कम कीमत पर वापस खरीदने के प्रयोजन से उधार लेना और बेचना शामिल है।
2. नेकेड शॉर्ट सेलिंग तब होती है जब स्टॉक या प्रतिभूतियों को उधार लेने की व्यवस्था किये बिना या यह सुनिश्चित किये बिना बेचा जाता है कि उन्हें उधार लिया जा सकता है।
3. सेबी ने हाल ही में घोषणा की है कि हालाँकि सभी श्रेणियों के निवेशकों को शॉर्ट-सेलिंग में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन नेकेड शॉर्ट सेलिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**161. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 ग्रामीण क्षेत्रों में विकेंद्रीकृत स्वशासन की त्रि-स्तरीय, जबकि शहरी क्षेत्रों में दो-स्तरीय प्रणाली प्रदान करता है ।
2. इसमें कम-से-कम 500 व्यक्तियों की आबादी वाले प्रत्येक गाँव के लिये ग्रामीण स्तर पर एक पंचायत की स्थापना का प्रावधान है।

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**162. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ( IBBI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे देश में मूल्यांकनकर्त्ताओं के पेशे के विनियमन और विकास के लिये कंपनी (पंजीकृत मूल्यांकनकर्त्ता एवं मूल्यांकन) अधिनियम, 2017 के तहत 'प्राधिकरण' के रूप में नामित किया गया है।
2. इसमें दस सदस्य शामिल हैं और इसका नेतृत्व कॉर्पोरेट कार्य मंत्री करते हैं।
3. अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष का या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होता है तथा उन्हें पुन: नियुक्त किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**163. माउंट एवरेस्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नेपाल में सागरमाथा और चीन में माउंट क्यूमोलंगमा के नाम से जाना जाता है।
2. यह नेपाल और तिब्बत के मध्यवर्ती सीमा पर स्थित है जिसके शिखर तक दोनों ओर से पहुँचा जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**164. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुरूक्षेत्र के युद्ध के समय से ही कलिंग को एक शक्तिशाली साम्राज्य माना जाता है।
2. कलिंग के राजा श्रुतायुध युद्ध में कौरव शिविर में शामिल हो गए, जहाँ वह एवं उनके दो वीर पुत्र, भानुमान और केतुमान, भीमसेन द्वारा मारे गए।
3. महाभारत युद्ध के बाद एक नए क्षेत्रीय राजवंश ने कलिंग पर शासन किया, बौद्ध ग्रंथ 'महागोविंद सुत्तंत' में कलिंग की महिमा और शक्ति की तेज़ी से बहाली का उल्लेख है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**165. आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. इसे खाद्य पदार्थों की जमाखोरी और कालाबाज़ारी को रोकने के लिये बनाया गया था।
2. यह अधिनियम केंद्र सरकार को अनुसूची में किसी वस्तु को जोड़ने या हटाने का अधिकार देता है।
3. हालाँकि सरकार किसी वस्तु को आवश्यक वस्तु घोषित कर सकती है लेकिन स्टॉक सीमा नहीं लगा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**166. भारतीय न्याय संहिता अधिनियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह कुछ विशेष अपराधों के संबंध में लंबी पुलिस हिरासत, अन्य अपराधों के लिये न्यूनतम दंड और जुर्माना बढ़ाने का प्रस्ताव करता है।
2. संगठित अपराध को पहली बार सामान्य आपराधिक कानून के अधीन लाया गया है।
3. यह छोटे अपराधों के लिये दंड के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरुआत करता है जो दंड संहिता में एक नया प्रयास है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**167. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ( NALSA ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39A के अनुरूप है जो राज्य को यह सुनिश्चित करने का आदेश देता है कि विधिक प्रणाली इस तरह से संचालित हो कि समान अवसर के साथ न्याय को बढ़ावा मिले।

नोट :

2. इसका गठन समाज के कमज़ोर वर्गों को निशुल्क विधिक सेवाएँ प्रदान करने के लिये विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया है।
3. सर्वोच्च न्यायालय का रजिस्ट्रार इसके संरक्षक-प्रमुख के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**168. विशेष अनुमति याचिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को दिया गया एक असाधारण क्षेत्राधिकार है।
2. न्यायालय के पास सैन्य न्यायाधिकरण तथा कोर्ट मार्शल सहित भारत में किसी न्यायालय अथवा न्यायाधिकरण द्वारा दिये गए किसी भी निर्णय के विरुद्ध विशेष अपील की अनुमति देने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**169. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) लॉन्च वाहनों तथा उपग्रहों के निर्माण एवं अंतरिक्ष-आधारित सेवाएँ प्रदान करने सहित गैर-सरकारी संस्थाओं की विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, अधिकृत करने तथा पर्यवेक्षण करने के लिये ज़िम्मेदार है।**

**कथन-II: IN-SPACe एक एकल-खिड़की, स्वतंत्र, नोडल एजेंसी है जिसका गठन निजी अभिकर्त्ताओं की भागीदारी को सक्षम तथा सुविधाजनक बनाने के लिये अंतरिक्ष क्षेत्र के सुधारों के बाद किया गया था।**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है

**170. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (NB8) क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर अनौपचारिक चर्चा के लिये एक मंच है, जो पाँच नॉर्डिक देशों तथा तीन बाल्टिक देशों को एक साथ लाता है।
2. स्वीडन और नॉर्वे को छोड़कर नॉर्डिक देश यूरोपीय संघ का हिस्सा हैं।
3. नॉर्डिक देशों में आइसलैंड और नॉर्वे यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**171. सुंदरबन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बंगाल की खाड़ी के तट पर एक मैंग्रोव वन पारिस्थितिकी तंत्र है, जो भारत और बांग्लादेश में नर्मदा, कृष्णा तथा गोदावरी नदियों के डेल्टा तक फैला है, जो दुनिया का सबसे बड़ा डेल्टा है।
2. भारत में सुंदरबन वेटलैंड को रामसर कन्वेंशन के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की वेटलैंड' के रूप में नामित किया गया था।
3. सुंदरबन डेल्टा विश्व का एकमात्र मैंग्रोव वन है जहाँ बाघ रहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**172. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उत्तरी अटलांटिक परिषद, नाटो की मुख्य राजनीतिक निर्णय करने वाली संस्था है जो सभी सहयोगियों के बीच सर्वसम्मति के आधार पर किसी देश को गठबंधन में शामिल होने के लिये आमंत्रित करने का निर्णय करती है।

2. स्वीडन द्वारा नाटो के 31वें सदस्य के रूप में शामिल होने के पश्चात के गठबंधन के 32वें सदस्य के रूप में फिनलैंड की प्रत्याशित प्रविष्टि होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**173. रायसीना डायलॉग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र के संबंध में आयोजित किया जाने वाला एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य विश्व के सम्मुख सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है।
2. इसका आयोजन संयुक्त राष्ट्र द्वारा भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**174. पापुआ न्यू गिनी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक द्वीपीय देश है जो दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित है।
2. इसमें न्यू गिनी का पूर्वी भाग तथा कई छोटे द्वीप शामिल हैं, इसकी सीमा पश्चिम में इंडोनेशिया, दक्षिण में ऑस्ट्रेलिया एवं दक्षिण-पूर्व में सोलोमन द्वीप से लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**175. प्राय: समाचारों में देखे जाने वाले अवदीव्का, क्रामाटोर्स्क एवं ज़ापोरिज़्ज़िया क्षेत्र स्थित हैं:**

A. यूक्रेन
B. अज़रबैजान
C. रूस
D. सीरिया

**176. व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CTBT एक बहुपक्षीय संधि है जिसका उद्देश्य सभी परमाणु विस्फोटों पर प्रतिबंध लगाना है, चाहे वे सैन्य या शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये हों।
2. CTBT पर वर्ष 1994 में जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन में वार्ता की गई थी।
3. भारत इस संधि पर हस्ताक्षर करने और इसकी पुष्टि करने वाले कुछ देशों में प्रथम था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**177. निम्नलिखित में से कौन-से देश नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (NB8) का हिस्सा हैं?**

1. स्वीडन
2. नॉर्वे
3. आइसलैंड
4. रूस
5. एस्टोनिया

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2, 3 और 5
C. केवल 2, 3, 4 और 5
D. 1, 2, 3, 4 और 5

**178. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत प्राप्त धन का उपयोग करके राज्यों अथवा केंद्रशासित प्रदेशों में EMRS स्थापित किये जाते हैं।
2. इन स्कूलों में गैर-अनुसूचित जनजाति वाले छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जा सकता है।
3. जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन जनजातीय छात्रों के लिये राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी (NESTS) की स्थापना देश भर में EMRS की स्थापना एवं प्रबंधन के लिये की गई है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**179. अपस्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अपस्फीति तब होती है जब मुद्रास्फीति दर शून्य से नीचे गिर जाती है और साथ ही आमतौर पर पूरी अर्थव्यवस्था में कीमतों में गिरावट आती है।
2. यह आमतौर पर आर्थिक अनिश्चितता के समय में होता है जब बेरोज़गारी के उच्च स्तर के साथ-साथ वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**180. घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष में आयोजित किया जाता है।
2. इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (MPCE) एवं इसके वितरण के संबंध में डेटा एकत्र करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**181. वित्त विधेयक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सभी धन विधेयक वित्तीय विधेयक होते हैं किंतु सभी वित्तीय विधेयक धन विधेयक नहीं होते हैं।
2. यदि यह प्रश्न उठता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं तो उस पर लोकसभा के अध्यक्ष का विनिश्चय अंतिम होता है।
3. राज्यसभा धन विधेयक में संशोधन अथवा उसे अस्वीकार नहीं कर सकती किंतु उसके पास वित्त विधेयक में संशोधन अथवा उसे अस्वीकार करने की शक्ति प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**182. 'खाद्य और कृषि हेतु विश्व की भूमि तथा जल संसाधनों की स्थिति: ब्रेकिंग पॉइंट पर सिस्टम (SOLAW 2021)' रिपोर्ट, निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई थी:**

A. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

B. विश्व बैंक

C. वैश्विक भूमि गठबंधन

D. एक्शनएड इंटरनेशनल

**183. प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइज़िंग इंडिया (PM-SHRI) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. चयनित स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 (NEP) के सभी पहलुओं का प्रदर्शन करने वाले और पड़ोसी स्कूलों को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले मॉडल संस्थानों के रूप में कार्य करेंगे।
3. इस योजना के तहत, स्कूलों को पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं को एकीकृत करते हुए ग्रीन स्कूलों में परिणत किया जाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**184. ओडीसियस लूनर लैंडर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओडीसियस चंद्र लैंडर ने 50 से अधिक वर्षों में पहली यूरोपीय संघ की चंद्रमा पर लैंडिंग में सफलता हासिल की है।
2. लूनर लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर स्थितियों का आकलन करने के लिये बनाया गया है, जो पानी की मात्रा और इसकी पहुँच जैसे कारकों के मूल्यांकन में सहायता करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**185. केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. इसमें एक मुख्य सूचना आयुक्त और दस से अधिक सूचना आयुक्त नहीं होते हैं।
3. CIC में नियुक्तियाँ भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**186. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अंतर-सरकारी निकाय है जिसका कार्य विश्व भर में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण को सुदृढ़ करना है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी और इसने मानवाधिकार पर पूर्व संयुक्त राष्ट्र आयोग का स्थान लिया था।
3. मानवाधिकार उच्चायुक्त का कार्यालय (OHCHR) मानवाधिकार परिषद के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**187. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक मज़बूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) में विशिष्ट डिजिटल पहचान, भुगतान प्रणाली और इंटरनेट सेवा प्रदाता शामिल हैं।
2. भारत का DPI निजी तौर पर प्रावधानित सार्वजनिक अवसंरचना है, जिसमें उच्च तकनीक द्वारा संचालित प्रौद्योगिकी है, जो निजी क्षेत्र के नवाचार को सुनिश्चित करने वाले सार्वजनिक हित पर ज़ोर देती है और एक विशिष्ट वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करती है।
3. भारत का मॉड्यूलर ओपन सोर्स आइडेंटिटी प्लेटफॉर्म (MOSIP), देशों को अपनी मूलभूत पहचान प्रणाली बनाने के लिये एक मज़बूत, स्केलेबल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, जो वित्त से लेकर कल्याण सेवाओं तक सुरक्षित पहुँच प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**188. भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) एक स्वायत्त सरकारी संगठन के रूप में कार्य करेगा, जिसे देश में अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, मार्गदर्शन करने और अधिकृत करने का अधिकार है।
2. गैर-सरकारी संस्थाओं को IN-SPACe नियमों के तहत अंतरिक्ष और ज़मीनी संपत्तियों की तैनाती सहित व्यापक अंतरिक्ष गतिविधियों का संचालन करने की अनुमति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**189. अटलांटिक चार्टर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अटलांटिक चार्टर 1941 में अमेरिकी राष्ट्रपति और ब्रिटिश प्रधानमंत्री द्वारा अपने देशों के युद्ध उद्देश्यों को रेखांकित करने वाली एक संयुक्त घोषणा थी।
2. बाद में इसे 1942 में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा में संदर्भ द्वारा शामिल किया गया था।
3. अमेरिका के राष्ट्रपति और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने 80 वर्ष पुराने अटलांटिक चार्टर (Atlantic Charter) के संस्करण पर हस्ताक्षर किये।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विशेष आहरण अधिकार (SDR), अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा विकसित एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा है।
2. इसका मूल्य पाँच मुद्राओं की एक बास्केट(टोकरी) पर आधारित है- अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रॅन्मिन्बी, जापानी येन तथा ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग।
3. IMF प्रति पाँच वर्ष में या यदि आवश्यक हो तो उससे पहले SDR बास्केट की समीक्षा करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह विश्व व्यापार तथा वित्तीय प्रणालियों में मुद्राओं के सापेक्ष महत्त्व को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**191. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी का मिशन भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों, जैसे- IIT, IIIT, NIT, IISC तथा AIIMS के शैक्षणिक एवं बुनियादी ढाँचे के मानकों को बढ़ाना है, ताकि उन्हें विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त हो सके।**

**कथन-II: उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी भारत में प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में पूंजीगत संपत्ति के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है

**192. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ग्रामीण और वंचित परिवारों को LPG जैसे स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ शुरू की गई एक प्रमुख योजना है।
2. लाभार्थी सीधे अपने बैंक खातों में सब्सिडी राशि प्राप्त करने के लिये पहल योजना से भी जुड़ सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**193. यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UPI, भारत की मोबाइल-आधारित भुगतान प्रणाली है जिसे वर्ष 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित किया गया था। यह वर्चुअल भुगतान पते के माध्यम से 24/7 भुगतान को सक्षम करती है।
2. UPI कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लीकेशन में एकीकृत करता है जो विभिन्न बैंकिंग सेवाएँ, निर्बाध फंड ट्रांसफर और व्यापारी भुगतान की पेशकश करता है।
3. श्रीलंका, मॉरीशस, ईरान और फ्राँस एकमात्र देश हैं जहाँ भारत ने औपचारिक रूप से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) लॉन्च किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**194. भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (Ind-Aus ECTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विशेष रूप से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, चमड़ा इत्यादि जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों में भारत को 70% टैरिफ लाइनों पर ऑस्ट्रेलिया की अधिमान्य बाज़ार पहुँच से लाभ होगा।
2. भारत, ऑस्ट्रेलिया को अपनी 100% टैरिफ लाइनों तक अधिमान्य पहुँच प्रदान करेगा, जिसमें कोयला, खनिज अयस्क एवं मदिरा जैसे कच्चे माल शामिल हैं जो ऑस्ट्रेलिया के लिये निर्यात हित में हैं।
3. ऑस्ट्रेलिया द्वारा सेवाओं में व्यापार के संबंध में भारत के हित के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए लगभग 135 उप-क्षेत्रों में व्यापक प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ 120 उप-क्षेत्रों में सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का दर्जा प्रदान किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**195. लो अर्थ ऑर्बिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कक्षा एक सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा है।
2. LEO की पृथ्वी की सतह से ऊँचाई 160 किमी. से 1000 किमी. के बीच है।
3. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) को इस कक्षा में स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार यात्रा करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**196. नेविगेटिंग ट्रबल्ड वाटर्स रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई थी?**

A. UNCTAD

B. विश्व बैंक

C. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**197. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: मरुस्थलीकरण की रोकथाम के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय, मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रभावों को समाधान करने के लिये स्थापित एकमात्र विधिक रूप से बाध्यकारी ढाँचा है।**

**कथन-II: वर्ष 1992 में रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में तीन अभिसमयों की घोषणा की गई जिसमें से एक मरुस्थलीकरण की रोकथाम के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय था।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**198. निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं:**

1. संविधान की सर्वोच्चता
2. संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र
3. शक्तियों का पृथक्करण
4. संविधान का संघीय चरित्र
5. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2,3 और 4

D. 1,2,3,4 और 5

**199. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1950 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिये प्रक्रियाएँ निर्धारित करता है।
2. यह लोक सभा और राज्यों की विधानसभाओं एवं विधानपरिषदों में सीटों के आवंटन का प्रावधान करता है।
3. यह मतदाता सूची तैयार करने और चयन की प्रक्रिया का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**200. अक्सर समाचारों में देखा जाने वाला पीरियस बंदरगाह निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?**

A. यूनान

B. चीन

C. फिलिपींस

D. तुर्की

**201. 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संधि सदस्य देशों को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये बाहरी अंतरिक्ष का प्रयोग करने की इज़ाज़त देती है।
2. संप्रभुता के मुद्दे के कारण भारत बाह्य अंतरिक्ष संधि में एक पक्षकार देश नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या

**1.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 6 जुलाई, 1944 को सुभाष चंद्र बोस ने आज़ाद हिंद रेडियो के माध्यम से महात्मा गांधी को 'राष्ट्रपिता' कहकर संबोधित किया (गांधी को 'राष्ट्रपिता' कहने वाले पहले व्यक्ति) और उन्होंने "भारत की आज़ादी की लड़ाई" के लिये गांधीजी से आशीर्वाद लिया।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**2.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL):**

- न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) 6 मार्च, 2019 को कंपनी अधिनियम, 2013 (Under the Companies Act, 2013) के तहत निगमित भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अंतरिक्ष विभाग (DOS) के प्रशासनिक नियंत्रण में है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NSIL भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की वाणिज्यिक शाखा है, जिसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी भारतीय उद्योगों को उच्च प्रौद्योगिकी से संबंधित अंतरिक्ष गतिविधियों को शुरू करने में सक्षम बनाना है और यह भारतीय अंतरिक्ष से संबंधित अनुसंधान कार्यक्रमों तथा सेवाओं के प्रचार एवं वाणिज्यिक दोहन के लिये भी ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 3 सही है।**

**3.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 7वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के द्वारा एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1979 में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि किसी राज्य के राज्यपाल का पद केंद्र सरकार के अधीन रोज़गार नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान के मसौदे में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर राज्यपाल के सीधे चुनाव का प्रावधान किया गया। लेकिन संविधान सभा ने निम्नलिखित कारणों से राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति की वर्तमान प्रणाली को चुना। **अत: कथन 3 सही है।**

**4.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- म्याँमार की सीमा थाईलैंड, लाओस, चीन, भारत और बांग्लादेश से लगती है। **अत: विकल्प D सही है।**




**5.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सितंबर 1942 में 16,300 पुरुषों के साथ भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) की पहली डिवीज़न का गठन किया गया था।
- 21 अक्तूबर, 1943 को सुभाष चंद्र बोस ने एच.सी. चटर्जी (वित्त विभाग), एम.ए. अय्यर (प्रसारण), लक्ष्मी स्वामीनाथन (महिला विभाग) आदि के साथ सिंगापुर में स्वतंत्र भारत के लिये अंतरिम सरकार का गठन किया।
- जनवरी 1944 में भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) का मुख्यालय रंगून (बर्मा) में स्थानांतरित कर दिया गया था और सेना में भर्ती होने वाले सैनिकों को "दिल्ली चलो" का नारा देते हुए वहाँ से मार्च करना था।
- **उपर्युक्त विवरण के अनुसार स्पष्ट है कि सही कालक्रम 1-2-3 है।**

नोट :

6.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ईरान के प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में सरवन/सारवां शहर, सरवन काउंटी के मध्य ज़िले में स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- माना जाता है कि ईरानी हमले ने ईरानी सीमा से लगभग 45 किमी. दूर और पाकिस्तान के निकटतम शहर पंजगुर से 90 किमी. दूर सब्ज़ कोह गाँव को निशाना बनाया। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- "सना" यमन की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

7.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-फ्राँस संबंध:**

- जनवरी 1998 में शीत युद्ध की समाप्ति के बाद फ्राँस उन पहले देशों में से एक था जिसके साथ भारत ने "रणनीतिक साझेदारी" पर हस्ताक्षर किये।
- दोनों देशों के बीच संबंधों का रोडमैप तीन स्तंभों पर आधारित है जिसमें सुरक्षा तथा संप्रभुता, ग्रह एवं नागरिकों के लिये साझेदारी शामिल है।
- भारत-फ्राँस के बीच आयोजित संयुक्त अभ्यास: अभ्यास शक्ति (सेना), अभ्यास वरुण (नौसेना), अभ्यास गरुड़ (वायु सेना)। **अतः कथन 1 सही है।**
- दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन पर अपने संयुक्त प्रयासों के तहत वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का शुभारंभ किया। **अतः कथन 2 सही है।**

8.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 8 अगस्त, 1942 को गोवालिया टैंक, बॉम्बे में आयोजित कॉन्ग्रेस की बैठक में भारत छोड़ो प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- सभी वर्ग के किसानों ने आंदोलन में भाग लिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - इस आंदोलन में कुछ ज़मींदारों ने भी भाग लिया। इसमें ज़मींदारों के प्रति विरोध की भावना नहीं देखी गई तथा किसानों ने अपना आंदोलन पूर्ण रूप से सत्ता के प्रतीकों पर केंद्रित किया।
- बलिया में (अगस्त 1942 में एक सप्ताह के लिये) चितू पांडेय के नेतृत्व में स्वशासन की सरकार स्थापित की गई। **अतः कथन 3 सही है।**

9.

**उत्तर B**

**व्याख्या:**

**धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 :**

- अधिनियम का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग को रोकना तथा ऐसी अवैध गतिविधियों से जुड़ी संपत्तियों को ज़ब्त करने में सक्षम बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रवर्तन निदेशालय (ED) जो कि वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत कार्य करता है, PMLA के अनुसार धन शोधन से जुड़े अपराधों की जाँच करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राजस्व विभाग के तहत कार्य करने वाली वित्तीय आसूचना इकाई, संदिग्ध वित्तीय लेनदेन/हस्तांतरण पर जानकारी संसाधित करने और साझा करने हेतु भारत में केंद्रीय एजेंसी है। **अतः कथन 3 सही है।**

10.

**उत्तर C**

**व्याख्या:**

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम, 2018:**

- यह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध विशिष्ट अपराधों को अत्याचार के रूप में चित्रित करता है तथा इन कृत्यों का मुकाबला करने वाली रणनीतियों का वर्णन करता है और दंड निर्धारित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राज्यों के लिये उच्च स्तर की जातीय हिंसा वाले क्षेत्रों को "अत्याचार-प्रवण" घोषित करने तथा कानून-व्यवस्था पर नज़र रखने व उसे बनाए रखने के लिये योग्य अधिकारियों को नियुक्त करने के प्रावधान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह गैर-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोक सेवकों द्वारा कर्त्तव्यों की जानबूझकर उपेक्षा करने पर दंड का प्रावधान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY):**

- सरकार ने पात्र असंबद्ध बस्तियों को हर मौसम में सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 25 दिसंबर, 2000 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी।
- PMGSY की शुरुआत 100% केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में हुई। वर्ष 2015-16 में फंडिंग पैटर्न को संशोधित करते हुए केंद्र और राज्यों के बीच अनुपात को 60:40 तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों एवं हिमालयी राज्यों के लिये अनुपात को 90:10 किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- PMGSY का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी वाले पात्र असंबद्ध बस्तियों, मैदानी क्षेत्रों में 500 और उससे अधिक की आबादी वाली, को हर मौसम के अनुकूल सड़क (आवश्यक पुलिया और क्रॉस-ड्रेनेज संरचनाओं के साथ, जो पूरे वर्ष संचालित होती है) के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

12.

उत्तर D

व्याख्या:

- संविधान ने लोकसभा को अनुदान की मांगों पर मतदान पूरा होने और विनियोग विधेयक के अधिनियमित होने तक वित्तीय वर्ष के एक हिस्से के अनुमानित व्यय के संबंध में अग्रिम अनुदान देने के लिये अधिकृत किया है। इस प्रावधान को 'लेखानुदान' के नाम से जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जब किसी सेवा के अनिश्चित स्वरूप के कारण उसकी मांग को बजट में उस प्रकार नहीं रखा जा सकता जिस प्रकार से सामान्यतया बजट में अन्य मांगों को रखा जाता है, तो ऐसी मांगों की पूर्ति के लिये प्रत्यानुदान (Vote of Credit) प्रदान किया जाता है। अत: यह लोकसभा द्वारा कार्यपालिका को दिये गए ब्लैंक चेक के समान है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

13.

उत्तर: B

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान):**

- योजना के तहत केंद्र सरकार प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की राशि तीन समान किस्तों में प्रत्यक्ष रूप से सभी भूमिधारक/जोतधारक किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित करती है, चाहे उनकी जोत का आकार कुछ भी हो। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारत सरकार के 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसानों को उनकी मूल भाषा में जानकारी प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) को भी भाषिनी के साथ एकीकृत किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

14.

उत्तर C

व्याख्या:

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का तात्पर्य विभिन्न देशों में स्थित उद्यमों में पर्याप्त लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से विदेशी निवेशकों द्वारा किये गए निवेश से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) का तात्पर्य किसी बाहरी देश की वित्तीय परिसंपत्तियों जैसे एक्सचेंज पर उपलब्ध स्टॉक और बॉण्ड में निवेश करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

15.

उत्तर A

व्याख्या:

**राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम (NSAP):**

- यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी चलाया जा रहा है। NSAP भारत के संविधान में निहित राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों की पूर्ति की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है जो राज्य को अपने साधनों के तहत कई कल्याणकारी उपाय करने हेतु जोड़ता है। इनका उद्देश्य नागरिकों के लिये आजीविका के पर्याप्त साधन सुनिश्चित करना, जीवन स्तर को ऊपर उठाना, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करना, बच्चों को निशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना आदि है।
- राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों के बुज़ुर्गों, विधवाओं, विकलांग व्यक्तियों और वंचित परिवारों की सहायता करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम (NSAP) ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक कल्याण कार्यक्रम है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

16.

उत्तर B

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY):**

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) का उद्देश्य किसानों को फसलों को बुआई के पूर्व से लेकर कटाई के बाद

नोट :

के चरण तक सभी गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक जोखिमों के खिलाफ व्यापक जोखिमों के लिये कवरेज सुनिश्चित करने हेतु किफायती फसल बीमा प्रदान करके कृषि में उत्पादन का समर्थन करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह 'एरिया एप्रोच बेसिस' पर आधारित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिसूचित फसलों के लिये कट-ऑफ तिथियाँ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा स्थानीय मौसम की स्थिति या स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार तय की जा सकती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**17.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- क्वाड्रिवेलेंट वैक्सीन एक ऐसा टीका है जो चार अलग-अलग एंटीजन,वायरस अथवा अन्य सूक्ष्मजीवों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को उत्तेजित करके काम करता है।
- सर्ववैक भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस (qHPV) वैक्सीन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्ववैक हेपेटाइटिस-B टीकाकरण के समान VLP (वायरस-जैसे कण) पर आधारित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उपयोग ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के विरुद्ध सरकार द्वारा चलाये गए अभियान के माध्यम से किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**18.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत ने वर्ष 2019 में अपने सरकारी बॉण्डों को वैश्विक सूचकांकों में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की।
- कई पर्यवेक्षकों ने स्पष्ट किया कि स्थानीय बॉण्ड बाज़ार खोलने से दीर्घकालिक निवेश के लिये संस्थागत निवेशकों को शामिल करके चालू खाते तथा राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण की सुविधा प्राप्त होगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अतिरिक्त यह तर्क दिया गया है कि LCGBs में धन के प्रवाह से घरेलू ब्याज दरें कम होने से सार्वजनिक उधार की लागत में गिरावट आएगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह आशा भी है कि ये फंड LCGBs रखने वाले स्थानीय वित्तीय संस्थानों की बैलेंस शीट को भारमुक्त कर कर सकते हैं, जिससे उधार एवं निजी निवेश में वृद्धि होगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**19.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फिलिस्तीनियोंकेलियेसंयुक्तराष्ट्रशरणार्थीएजेंसी( UNRWA ):**

- वर्ष 1949 में स्थापित, इसका उद्देश्य वर्ष 1948 के अरब-इज़रायल युद्ध के कारण वर्तमान में इज़रायल में अपने आवास खाली करने के लिये विवश फिलिस्तीनियों को सहायता प्रदान करना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- UNRWA की अधिकांश धनराशि अमेरिका जैसे राज्यों द्वारा प्रदान किये गए स्वैच्छिक योगदान से आती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**20.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विदेशी निवेशकों की भागीदारी से विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के प्रति स्थानीय बॉण्ड बाज़ारों का जोखिम बढ़ जाता है, जिसका वैश्विक जोखिम से बचने अथवा तरलता की कमी के दौरान प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके उदाहरणों में वर्ष 2008 लेहमैन में गिरावट तथा हाल ही में अमेरिकी मौद्रिक नीति का सामान्यीकरण भी शामिल है, जो वैश्विक बाज़ार की गतिशीलता के लिये उभरती अर्थव्यवस्थाओं की भेद्यता को उजागर करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बॉण्ड बाज़ारों के अंतर्राष्ट्रीयकरण से स्वायत्तता कम होने के साथ वैश्विक ब्याज दर में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशीलता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है, जिससे घरेलू बॉण्ड बाज़ार के साथ-साथ उभरती अर्थव्यवस्थाओं में समग्र आर्थिक स्थिरता प्रभावित हो रही है। **अतः कथन 2 सही है।**
- महत्त्वपूर्ण आरक्षित हानि एवं मुद्रा में गिरावट पूंजी प्रवाह की अप्रत्याशित प्रकृति के कारण हुई, जिसे बिना बचाव वाले स्थानीय विदेशी मुद्रा देनदारों ने और बढ़ा दिया साथ ही बाज़ार में तीव्र उतार-चढ़ाव की संभावना को उजागर किया। इन पूंजी प्रवाह के उदाहरण क्रमशः वर्ष 2014-15 के दौरान मलेशिया में एवं वर्ष 2018 के तुर्की में पूंजी प्रवाह का अचानक रुकना और बाहर निकलना था। **अतः कथन 3 सही है।**

**21.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बाल्फोर घोषणा (2 नवंबर, 1917), "फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिये एक राष्ट्रीय घर की स्थापना" के लिये ब्रिटिश समर्थित वचन था।

- शब्द "ओस्लो प्रक्रिया" का तात्पर्य इज़रायल और फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (PLO) के बीच वर्ष 1990 के दशक की शुरुआत में ओस्लो, नॉर्वे में हुई शांति वार्ता से है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**22.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर:**

- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर एक वर्ष से अधिक समय तक रखी गई संपत्ति को बेचने से प्राप्त लाभ पर लगाए गए कर से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- आमतौर पर लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ के लिये कर की दर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ की तुलना में कम होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**23.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- जनगणना, जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत आयोजित की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गृह मंत्रालय के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय को दशकीय जनगणना आयोजित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

**24.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत-म्याँमार सीमा (IMB) के अंतर्गत पहाड़ी जनजाति के सदस्यों को भारत अथवा म्याँमार में उनकी नागरिकता की परवाह किये बिना, दोनों तरफ 16 किलोमीटर के दायरे में यात्रा करने की अनुमति है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किये गए एक वर्ष के वैध सीमा पास के साथ व्यक्ति सीमा पार कर सकते हैं और साथ ही प्रति यात्रा दो सप्ताह तक रह सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के एक घटक के रूप में FMR को वर्ष 2018 में लागू किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**25.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पाक खाड़ी भारत और श्रीलंका के दक्षिण-पूर्वी तट के बीच एक अर्ध-संलग्न उथला जल निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनालातिवु जाफना प्रायद्वीप के पाक जलडमरूमध्य में द्वीप हैं, जिनमें डेल्फ्ट सबसे बड़ा एवं तमिलनाडु के रामेश्वरम के सबसे निकट स्थित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**26.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रस्तावना (Preamble):**

- भारतीय संविधान की प्रस्तावना 'उद्देश्य प्रस्ताव' पर आधारित है, जिसे जवाहरलाल नेहरू द्वारा तैयार और प्रस्तावित किया गया था तथा संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1976) द्वारा संशोधित किया गया है, जिसमें तीन नए शब्द-समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जोड़े गए हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट:**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार देश के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में एक कार्यक्रम से दूसरे कार्यक्रम तक उचित "क्रेडिट ट्रांसफर" तंत्र के माध्यम से अध्ययन करने की स्वतंत्रता प्रदान करने तथा अंतत: डिग्री/डिप्लोमा/पीजी-डिप्लोमा आदि प्राप्त करने हेतु छात्रों की शैक्षणिक गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने के लिये अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) की परिकल्पना की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ABC पंजीकृत संस्थानों द्वारा दिये गए क्रेडिट को छात्रों के खातों में जमा करेगा। अकादमिक बैंक क्रेडिट केवल संस्थानों के साथ साझा किया जा सकता है, छात्रों के साथ नहीं। केवल अधिकृत संस्थान द्वारा प्रदान किये क्रेडिट ही ABC द्वारा भंडारण एवं सत्यापन के लिये स्वीकार किये जाएंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) तथा शिक्षा मंत्रालय (MoE) की संयुक्त पहल है। **अत: कथन 3 सही है।**

**28.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बलवंत राय मेहता समिति: इस समिति का गठन जनवरी 1957 में भारत सरकार द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम (1952) तथा राष्ट्रीय विस्तार सेवा (1953) के संचालन की जाँच करने तथा उनके बेहतर संचालन के लिये उपाय सुझाने हेतु किया गया था।

नोट :

- वर्ष 1985 में योजना आयोग द्वारा जी.वी.के. राव की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिये मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने वाली समिति का गठन किया गया।
- एल.एम. सिंघवी समिति: इस समिति का गठन वर्ष 1986 में राजीव गांधी सरकार ने एल.एम. सिंघवी की अध्यक्षता में 'लोकतंत्र और विकास के लिये पंचायती राज संस्थानों के पुनरुद्धार' पर एक अवधारणा पत्र तैयार करने के लिये किया।
- उपर्युक्त विवरण के अनुसार स्पष्ट है कि सही कालक्रम 1-2-3 है।
- **अत: विकल्प A सही उत्तर है।**

**29.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत रत्न पुरस्कार:**

- भारत रत्न भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1954 में स्थापित यह पुरस्कार जाति, व्यवसाय, स्थिति या लिंग के भेदभाव के बिना, उच्चतम स्तर की असाधारण सेवा/प्रदर्शन के लिये प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार मूल रूप से कला, साहित्य, विज्ञान और सार्वजनिक सेवाओं में उपलब्धियों तक सीमित था।
  - लेकिन दिसंबर 2011 में सरकार ने मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र को शामिल करने के लिये मानदंडों का विस्तार किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**30.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G):**

- PMAY-G केवल BPL परिवारों से लाभार्थियों को चुनने के बजाय, ग्राम सभाओं द्वारा सत्यापित सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) 2011 से आवास के अभाव जैसे मापदंडों का उपयोग करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- PMAY-G कार्यक्रम कार्यान्वयन और निगरानी के लिये आवाससॉफ्ट और आवास एप को नियोजित करते हुए, एंड-टू-एंड ई-गवर्नेंस मॉडल का उपयोग करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**31.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF):**

- राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक और कौशल शिक्षा के माध्यम से अर्जित क्रेडिट को निर्बाध रूप से एकीकृत करने के लिये एक समावेशी एकल मेटा फ्रेमवर्क है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NEP के दृष्टिकोण और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) को UGC, AICTE, NCVET, NIOS, CBSE, NCERT, DGT, शिक्षा मंत्रालय तथा कौशल विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**32.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पाक खाड़ी योजना**

- पाक जलडमरूमध्य से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाली नौकाओं (पाक खाड़ी योजना) में विविधीकरण हेतु 2017 में ट्रॉल मछली पकड़ने वाली नौकाओं को एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे अम्ब्रेला ब्लू रिवोल्यूशन योजना के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह तमिलनाडु राज्य विशिष्ट एक योजना है जिसका उद्देश्य राज्य के मछुआरों को तीन वर्षों में 2,000 नौकाएँ उपलब्ध कराना और उन्हें सतह पर मछली पकड़ने का काम छोड़ने के लिये प्रेरित करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**33.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**न्यूरालिंक:**

- न्यूरालिंक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस नामक चिकित्सा उपकरणों की एक आगामी श्रेणी से संबंधित है जो लकवाग्रस्त व्यक्तियों तथा दिव्यांग व्यक्तियों के मष्तिष्क में समझ विकसित करने अथवा गति करने में सक्षम बनाने हेतु मदद कर सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह मस्तिष्क के विचारों को डिकोड करने में सहायता प्रदान करेगा। इन संकेतों का उपयोग कंप्यूटर तथा मोबाइल फोन जैसे उपकरणों को नियंत्रित करने के लिये किया जाएगा, जिससे उपयोगकर्त्ता के अंग स्थिर होने की दशा में भी वह अपने मष्तिष्क के विचारों के माध्यम से वेब ब्राउज़ करने अथवा ऑनलाइन गेम खेलने में सक्षम होगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**34.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) को जनवरी 2019 में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा देश भर में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिये एक दीर्घकालिक, समयबद्ध, राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में शुरू किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- गैर-प्राप्ति वाले शहर: अगर शहर पाँच वर्ष की अवधि में लगातार PM 10 (10 माइक्रोन या उससे कम व्यास वाले कण) या NO2 (नाइट्रोजन डाइ-ऑक्साइड) के लिये राष्ट्रीय परिवेश वायु गुणवत्ता मानकों (NAAQS) को पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें गैर-प्राप्ति घोषित कर दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**35.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- द्विपक्षीय निवेश संधियाँ (Bilateral investment treaties - BITs) FDI प्रवाह को निर्धारित करने वाला एकमात्र कारक नहीं हैं। ऐसे अन्य कारक भी हैं जो देश में FDI प्रवाह को निर्धारित करते हैं जैसे व्यापार करने में आसानी, राजनीतिक स्थिरता आदि। इस प्रकार FDI प्रवाह विभिन्न प्रकार की गतिशीलता पर निर्भर करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हालाँकि जैसा कि विदेश मामलों की संसदीय समिति ने भारत और BIT पर अपनी रिपोर्ट में कहा, BIT में विदेशी निवेशकों को "उच्च स्तर का विश्वास" प्रदान करके FDI आकर्षित करने की क्षमता है। इसलिये कोई भी BIT के महत्त्व को नकार नहीं सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने पिछले दशक में सफलतापूर्वक उच्च स्तर का FDI आकर्षित किया है। हालाँकि चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में FDI प्रवाह में उल्लेखनीय गिरावट आई है। हालाँकि यह गिरावट भू-राजनीतिक चुनौतियों जैसे विभिन्न कारणों से हो सकती है, जैसा कि अनुभवजन्य अध्ययनों से पता चलता है, BIT की अनुपस्थिति ने भी इसमें योगदान दिया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**निवेशक-राज्य विवाद निपटान (ISDS):**

- यह निवेशकों को विदेशी निवेश के प्रति देशों के भेदभावपूर्ण व्यवहार को कानूनी रूप से चुनौती देने की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह द्विपक्षीय निवेश संधियों (BIT) का एक घटक है जो सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय विधि के तहत संचालित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारतीय मॉडल BIT के अनुच्छेद 29 में अपीलीय समीक्षा का प्रावधान है इसलिये भारत ISDS में अपीलीय समीक्षा की अवधारणा का समर्थन करता है।

**37.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन सी गार्जियन:**

- ऑपरेशन सी गार्जियन (Operation Sea Guardian) भूमध्य सागर में NATO का समुद्री सुरक्षा अभियान है और यह वर्तमान में तीन समुद्री सुरक्षा कार्यों का संचालन कर रहा है: समुद्री सुरक्षा क्षमता निर्माण, समुद्री स्थितिजन्य जागरूकता के लिये समर्थन तथा समुद्री आतंकवाद विरोधी।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**38.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (The United Nations Convention on the Law of the Sea):**

- समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन 1982 में अपनाया गया था। यह दुनिया के महासागरों और समुद्रों में कानून व्यवस्था की एक व्यापक व्यवस्था निर्धारित करता है साथ ही महासागरों और उनके संसाधनों के सभी उपयोगों को नियंत्रित करने वाले नियम भी स्थापित करता है।

नोट :

- संयुक्त राष्ट्र के कानूनी मामलों के कार्यालय का महासागर मामलों और समुद्र के कानून का प्रभाग (Division for Ocean Affairs and the Law of the Sea - DOALOS) समुद्र के कानून पर कन्वेंशन के सचिवालय के रूप में कार्य करता है तथा कन्वेंशन एवं संबंधित समझौतों की बेहतर समझ, उनकी व्यापक स्वीकृति, समान व सुसंगत अनुप्रयोग, प्रभावी कार्यान्वयन प्रदान करने की दृष्टि से राज्यों को जानकारी, सलाह तथा सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रादेशिक समुद्र अपनी आधार रेखा से समुद्र की ओर 12 समुद्री मील तक फैला हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक समुद्री मील पृथ्वी की परिधि पर आधारित है और एक मिनट के अक्षांश के बराबर है। यह भूमि पर मापे गए मील (1 समुद्री मील = 1.1508 भूमि मील या 1.85 किमी.) से थोड़ा अधिक है।

**39.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भुगतान बैंक:**

- भुगतान बैंकों को लाइसेंस प्रदान करने का विचार वर्ष 2013 में गठित नचिकेत मोर की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा प्रस्तुत लघु व्यवसाय तथा निम्न आय वाले परिवारों के लिये व्यापक वित्तीय सेवाओं पर समिति की रिपोर्ट में प्रस्तुत किया गया था।
  - इनकी परिकल्पना देश की अल्प-सेवित तथा असेवित आबादी के वित्तीय समावेशन को ध्यान में रखते हुए की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- नई संस्थाओं का प्राथमिक उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना तथा प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं बीमा योजनाओं जैसी विभिन्न योजनाओं को बढ़ावा देना होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह लघु बचत खातों की प्रस्तुति करेगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से प्रवासी श्रमिक कार्यबल, निम्न आय वाले परिवारों, लघु व्यवसायों एवं असंगठित क्षेत्र को भुगतान व प्रेषण सेवाओं की अनुमति देगा।
- एक भुगतान बैंक को अपनी निधि का 75% एक वर्ष तक की परिपक्वता वाली सरकारी प्रतिभूतियों अथवा ट्रेज़री बिलों में निवेश करने की आवश्यकता होगी तथा भुगतान बैंक स्थापित करने के लिये आवश्यक न्यूनतम पूंजी ₹100 करोड़ है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह संचालन तथा चलनिधि प्रबंधन के लिये अन्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के साथ चालू एवं सावधि जमा में अधिकतम 25% रख सकता है।

**40.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रज़िया सुल्तान:**

- फोर्टी/चहलगानी 40 तुर्क गुलाम अमीरों की एक परिषद थी, जो सुल्तान की इच्छा के अनुसार दिल्ली सल्तनत का प्रशासन करती थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- रज़िया का अंतिम विश्राम स्थल अभी भी अज्ञात है, किसी विशिष्ट स्थान का समर्थन करने के लिये कोई सबूत नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - ऐसा माना जाता है कि उनकी कब्र बैथल, दिल्ली या टोंक में हो सकती है। इस रहस्य के बावजूद उनकी विरासत समय के साथ कायम रही, पीढ़ियों से महिलाओं ने उनके नाम एवं कहानी को अपने गीतों और लोककथाओं में शामिल किया।

**41.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यूनाइटेड किंगडम इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड से बना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विंडसर फ्रेमवर्क के अंतर्गत पृथक ग्रीन और रेड लेन की स्थापना का प्रावधान है जो क्रमशः उत्तरी आयरलैंड तथा यूरोपीय संघ के बीच व्यापार से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही है।**



42.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 1986 में केंद्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम (CRSP) का उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य सब्सिडी वाले शौचालय निर्माण के माध्यम से ग्रामीण जीवन स्तर को बढ़ाना था, जो भारत की प्रारंभिक राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता पहल का प्रतीक था। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्वच्छ भारत अभियान गलियों और सड़कों को साफ करने तथा देश के सामाजिक बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिये 2 अक्तूबर, 2014 को सरकार द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रीय अभियान है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **स्वच्छता से संबंधित अन्य योजनाएँ:**
  - वर्ष 1999 में शुरू किये गए संपूर्ण स्वच्छता अभियान (TSC) में वर्ष 2012 तक संपूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें खुले में शौच को समाप्त करने और स्वच्छता तथा अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिये कम लागत के तरीकों एवं बड़े पैमाने पर अभियानों पर ज़ोर दिया गया था।
  - TSC कार्यक्रम की सफलता के बाद भारत सरकार (GOI) ने अक्तूबर 2003 में निर्मल ग्राम पुरस्कार (स्वच्छ ग्राम पुरस्कार) की शुरुआत की।
  - स्वच्छ भारत अभियान देश की गलियों और सड़कों को साफ करने तथा सामाजिक बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिये 2 अक्तूबर, 2014 को सरकार द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रीय अभियान है।

43.

उत्तर: C

व्याख्या:

**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U):**

- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 2 अक्तूबर, 2014 को शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, सफाई और उचित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) की शुरुआत एक राष्ट्रीय अभियान के रूप में की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- SBM-U का पहला चरण शौचालयों तक पहुँच और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देकर शहरी भारत को खुले में शौच से मुक्त (ODF) बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर केंद्रित था।
  - SBM-U 1.0 अपना लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा और 100% शहरी भारत को ODF घोषित किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- SBM-U के दूसरे चरण का लक्ष्य ODF से आगे बढ़कर ODF+ और ODF++, तक जाना तथा शहरी भारत को कचरा-मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - इसमें स्थायी स्वच्छता प्रथाओं, अपशिष्ट प्रबंधन एवं एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

44.

उत्तर: B

व्याख्या:

**व्यापार और विकास रिपोर्ट 2023 :**

- व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) व्यापार और विकास रिपोर्ट 2023 में चेतावनी दी गई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो रही है, पिछले साल की तुलना में अधिकांश क्षेत्रों में विकास धीमा हो गया है और केवल कुछ देश ही इस प्रवृत्ति से आगे निकल रहे हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह वैश्विक वित्तीय सुधारों, मुद्रास्फीति, असमानता और संप्रभु ऋण संकट से निपटने के लिये अधिक व्यावहारिक नीतियों तथा प्रमुख बाज़ारों की मज़बूत निगरानी का आग्रह करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - रिपोर्ट वित्तीय स्थिरता हासिल करने, उत्पादक निवेश को बढ़ावा देने और बेहतर रोज़गार सृजन के लिये राजकोषीय, मौद्रिक तथा आपूर्ति-पक्ष उपायों के साथ संतुलित नीतियों के समन्वय से वैश्विक अर्थव्यवस्था को सही दिशा में आगे बढ़ाने हेतु कार्यों का प्रस्ताव करती है।

45.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह विश्व व्यापार संगठन का शीर्ष निर्णयन निकाय है और आमतौर पर हर दो साल में इसकी बैठक होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2017 में WTO के 11वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में MSME और प्रकृति (Gender) दोनों पर अनौपचारिक कार्य समूह लॉन्च किये गए थे। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- भारत यह तर्क देते हुए कि ये मुद्दे WTO के जनादेश का हिस्सा नहीं हैं और इसके सदस्यों को इसके बजाय WTO के अधूरे काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये, दोनों समूहों से बाहर रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**46.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डेवलपमेंट इम्पैक्ट बॉण्ड**

- डेवलपमेंट इम्पैक्ट बॉण्ड एक प्रकार की वित्तीय सुरक्षा है जिसका उपयोग निजी निवेशकों को आकर्षित करके कम संसाधन वाले देशों में विकास कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिये किया जाता है। डेवलपमेंट इम्पैक्ट बॉण्ड को सोशल इम्पैक्ट बॉण्ड का एक उप-प्रकार माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि सुरक्षा को बॉण्ड कहा जाता है, लेकिन इसमें पारंपरिक बॉण्ड की अधिकांश विशेषताओं का अभाव होता है। बॉण्ड एक निश्चित अवधि के साथ आते हैं, लेकिन वे निवेशकों को रिटर्न की एक निश्चित दर की पेशकश नहीं करते हैं। इसके बजाय बॉण्ड का पुनर्भुगतान मुख्य रूप से उस परियोजना की सफलता पर निर्भर करता है जिसे बॉण्ड की बिक्री से प्राप्त आय का उपयोग करके सब्सिडी दी गई है। **अतः कथन 2 सही है।**

**47.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अहमदाबाद, जिसे मैनचेस्टर ऑफ इंडिया कहा जाता है, ब्रिटिश शहर के समान अपनी कपड़ा कौशल की झलक प्रस्तुत करता है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- बेलगावी ज़िला, जिसे पहले बेलगाम ज़िला भी कहा जाता था, भारत के कर्नाटक राज्य का एक ज़िला है। इस ज़िले को शुगर बाउल ऑफ कर्नाटक के रूप में जाना जाता है, जहाँ 1.5 लाख (150,000) हेक्टेयर का उपयोग वाणिज्यिक उत्पादन के लिये किया जाता है और इसने पिछले दशक में गन्ना उत्पादन में मांड्या ज़िले को विस्थापित कर दिया है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- पानीपत, हरियाणा का एक ऐतिहासिक शहर है, यह शहर भारत में "सिटी ऑफ वेवर्स/बुनकरों का शहर" और "कपड़ा शहर" के नाम से प्रसिद्ध है। "कपड़ों के पुनर्चक्रण का वैश्विक केंद्र" होने के कारण इसे "कास्ट-ऑफ कैपिटल" के रूप में भी जाना जाता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**48.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**WTO मत्स्य पालन वित्तपोषण तंत्र:**

- यह अहितकर सहायिकी को सीमित करने, विश्व में मछलियों को संरक्षित करने और विकासशील तथा अल्प विकसित देशों में मछुआरों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के संबंध में नियम स्थापित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका संचालन WTO द्वारा साझेदार संगठनों जैसे राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (FAO), विश्व बैंक समूह तथा कृषि विकास अंतर्राष्ट्रीय कोष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस फंड का मुख्य उद्देश्य WTO नियमों के साथ अपनी सब्सिडी नीतियों को संरेखित करने के प्रयासों में सदस्य देशों को तकनीकी सहायता प्रदान करना है। इस समर्थन में कानूनों और विनियमों में आवश्यक परिवर्तन करना तथा नए समझौते के दायित्वों के अनुसार WTO अधिसूचनाएँ तैयार कर उन्हें प्रस्तुत करना शामिल होना चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

**49.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**NexCAR19:**

- हाल ही में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी सेल (CAR-T cell) थेरेपी, NexCAR19 को व्यावसायिक उत्पादन के लिये मंज़ूरी दी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत अब स्वदेशी CAR-T और जीन थेरेपी प्लेटफॉर्म वाले पहले विकासशील देशों में से एक है। भारत इस प्रौद्योगिकी को विकसित करने वाला विश्व का पहला देश नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**50.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CABM) कर:**

- कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CABM) कर यूरोपीय संघ के "फिट फॉर 55 इन 2030 पैकेज" का एक प्रमुख तत्त्व है, इसे

वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 55% की कमी लाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**

- इसमें विशेष रूप से सीमेंट, लोहा और इस्पात, एल्युमिनियम, उर्वरक, विद्युत एवं हाइड्रोजन के आयात से होने वाले उत्सर्जन पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'ब्रैकेटिंग':**

- हाल के दिनों में खरीदार नए व्यवहार प्रदर्शित कर रहे हैं जिससे 'ब्रैकेटिंग' नामक एक घटना बढ़ रही है। यह शब्द एक उपभोक्ता के किसी उत्पाद के कई संस्करण खरीदने, जैसे कि विभिन्न साइज़ की कमीज के आर्डर करने के बाद, आये हुए कमीज़ो में से सही साइज़ रख कर बाकी को वापस कर देने की प्रवृत्ति का वर्णन करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**52.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें एवं कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023:**

- यह अधिनियम चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन) अधिनियम, 1991 का स्थान लेता है।
- CEC और EC की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।
  - चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता/सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इस समिति में कोई पद रिक्त होने पर भी चयन समिति की सिफारिशें मान्य होंगी। **अत: कथन 2 सही है।**
  - कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति चयन समिति को नामों का एक पैनल प्रस्तावित करेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**53.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन:**

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन के वाणिज्यिक उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा भारत को ईंधन का शुद्ध निर्यातक बनाने में सहायता करना है।
  - यह मिशन हरित हाइड्रोजन मांग में वृद्धि लाने के साथ-साथ इसके उत्पादन, उपयोग और निर्यात को बढ़ावा देगा।
  - यह औद्योगिक, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों का डीकार्बोनाइज़ेशन करने, आयातित जीवाश्म ईंधन एवं फीडस्टॉक पर निर्भरता कम करने, घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, रोज़गार की संभावनाएँ पैदा करने तथा नई प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में योगदान देगा। **अत: कथन-I सही है।**
- **ग्रीन हाइड्रोजन हब:** बड़े पैमाने पर उत्पादन और/या हाइड्रोजन के उपयोग का समर्थन करने में सक्षम राज्यों एवं क्षेत्रों को हरित हाइड्रोजन हब के रूप में पहचाना तथा विकसित किया जाएगा। **अत: कथन-II सही है**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

**54.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उत्पादन अंतराल रिपोर्ट, 2023:**

- उत्पादन अंतराल रिपोर्ट को प्रथम बार वर्ष 2019 में जारी किया गया साथ ही यह तापमान को 1.5°C या 2°C तक सीमित करने के अनुरूप सरकारों के नियोजित जीवाश्म ईंधन उत्पादन एवं वैश्विक उत्पादन स्तरों के बीच विसंगति की निगरानी करती है। इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा जारी किया जाता है।
- वर्ष 2023 की उत्पादन अंतराल रिपोर्ट: "चरणबद्ध रूप से कम करना या चरणबद्ध रूप से बढ़ना? शीर्ष जीवाश्म ईंधन उत्पादक राष्ट्र जलवायु संबंधी वादे के बावजूद और अधिक निष्कर्षण की योजना बना रहे हैं।" यह रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि राष्ट्र वर्ष 2030 तक जलवायु परिवर्तन को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बनाए रखने के लिये आवश्यक मात्रा से लगभग 110% अधिक जीवाश्म ईंधन का उत्पादन कर सकते हैं और 2 डिग्री सेल्सियस के समर्थन की अपेक्षा 69% अधिक है।

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012:**

- POCSO अधिनियम 14 नवंबर, 2012 को लागू हुआ, जो वर्ष 1992 में बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

- अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बच्चे के रूप में परिभाषित करता है। यह अधिनियम अपराध की गंभीरता के अनुसार सज़ा का प्रावधान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम स्वीकार करता है कि लड़के और लड़कियाँ दोनों यौन शोषण के शिकार हो सकते हैं और साथ ही पीड़ित की लैंगिकता की परवाह किये बिना ऐसा दुर्व्यवहार एक अपराध है। **अत: कथन 3 सही है।**

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया उल्लिखित नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - अनुच्छेद 164 के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जायेगी। हालाँकि इसका अर्थ यह नहीं है कि राज्यपाल किसी को भी मुख्यमंत्री नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र हैं।
    - सरकार की संसदीय प्रणाली की परंपराओं के अनुसार राज्यपाल को राज्य विधानसभा में बहुमत दल के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करना होता है।
- **अनुच्छेद 164:**
    - मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**
    - मंत्री राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पद धारण करेंगे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से राज्य की विधान सभा के प्रति उत्तरदायी होगी।

**57.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विधि आयोग:**

- भारत का विधि आयोग एक गैर-वैधानिक निकाय है, जिसका गठन समय-समय पर भारत सरकार द्वारा किया जाता है। इस आयोग का गठन मूलत: वर्ष 1955 में किया गया था और समय-समय पर इसका पुनर्गठन किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक निश्चित कार्यावधि के लिये स्थापित आयोग है तथा विधि और न्याय मंत्रालय के लिये एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- दंड संहिता और आपराधिक प्रक्रिया संहिता के संहिताकरण की सिफारिश करने वाले लॉर्ड मैकाले की अध्यक्षता में चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत वर्ष 1834 में पहले विधि आयोग की स्थापना की गई थी। **अत: कथन 3 सही है।**

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये तत्त्व विधिक रूप से लागू करने योग्य नहीं हैं, लेकिन राज्यों को इस संबंध में नीतियाँ बनाने में मार्गदर्शन करती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- गोवा के अतिरिक्त हाल ही में उत्तराखंड सरकार ने भी समान नागरिक संहिता संबंधी प्रस्ताव पारित किया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**59.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कुल प्रजनन दर 15 से 49 वर्ष की वर्तमान आयु-विशिष्ट प्रजनन दर के आधार पर एक महिला के जीवनकाल में बच्चों की औसत संख्या है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या प्रभाग के अनुसार, जब कुल प्रजनन दर (TFR) प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चों तक पहुँच जाती है, तो इसे प्रतिस्थापन-स्तर की प्रजनन क्षमता कहा जाता है। एक महत्त्वपूर्ण अवधि तक प्रतिस्थापन-स्तर की प्रजनन क्षमता को बनाए रखना यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक पीढ़ी स्वयं को सटीक रूप से प्रतिस्थापित करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**60.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**शिक्षा का अधिकार:**

- शिक्षा के अधिकार पर पहला आधिकारिक दस्तावेज़ वर्ष 1990 में राममूर्ति समिति की रिपोर्ट थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- उन्नीकृष्णन जेपी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य, 1993 में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शिक्षा अनुच्छेद 21 से मौलिक अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 2002 में 86वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा शिक्षा के अधिकार को संविधान के भाग III में एक मौलिक अधिकार प्रदान किया गया। अनुच्छेद 21-A में शिक्षा के अधिकार को 6-14 साल के बच्चों के लिये एक मौलिक अधिकार बनाया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**61.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह रिपोर्ट एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी लेड एंटरप्राइज़ेज़ (ABLE) द्वारा जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) के "मेक इन इंडिया फैसिलिटेशन सेल फॉर बायोटेक्नोलॉजी" के लिये तैयार की गई है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**62.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कोर मुद्रास्फीति खाद्य और ऊर्जा क्षेत्रों से संबंधित वस्तुओं एवं सेवाओं को छोड़कर, वस्तुओं तथा सेवाओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को मापती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- समग्र मुद्रास्फीति स्तरों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के प्रयास में केंद्रीय मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के लिये एक उपयोगी संकेतक के रूप में कार्य करती है। **अतः कथन 2 सही है।**



63.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**लखपति दीदी योजना:**

- लखपति दीदी योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (SHG) के भीतर महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि उन्हें प्रति परिवार कम से कम 1 लाख रुपए की स्थायी वार्षिक आय उत्पन्न करने में सक्षम बनाया जा सके। **अत: कथन-I सही है।**
- ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 'लखपति दीदियों' को सक्षम बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने के लिये सरकार के संपूर्ण दृष्टिकोण को अधिकतम प्रभावी बनाने पर बल दिया। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

64.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- इस योजना का कार्यान्वयन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना के अंतर्गत BPL परिवार की वयस्क महिलाएँ उज्ज्वला योजना के तहत जमा-मुक्त LPG गैस कनेक्शन के लिये आवेदन कर सकती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- BPL परिवारों की पहचान सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना डेटा 2011 के माध्यम से की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

65.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- INSAT-1B भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली उपग्रहों का हिस्सा था जो संचार उपग्रहों की एक श्रृंखला है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- INSAT-1B का निर्माण फोर्ड एयरोस्पेस द्वारा किया गया था और इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा संचालित किया गया था।
- इसे NASA के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से चैलेंजर अंतरिक्ष शटल द्वारा तैनात किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- INSAT-1A अप्रैल 1982 में ISRO द्वारा लॉन्च किया गया INSAT श्रृंखला का पहला उपग्रह था, लेकिन कुछ तकनीकी खामियों के कारण इसे एक वर्ष बाद छोड़ना पड़ा।
- जुलाई 1990 में 7 वर्ष बाद INSAT-1B को INSAT-1D से बदल दिया गया। **अत: कथन 3 सही है।**

66.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- समान नागरिक संहिता पूरे देश के लिये एक समान कानून के साथ ही सभी धार्मिक समुदायों के लिये विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने आदि कानूनों में भी एकरूपता प्रदान करने का प्रावधान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान के अनुच्छेद 44 में वर्णित है कि राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- **कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं तथा कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या करता है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

67.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- एम.एस स्वामीनाथन को हरित क्रांति में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिये व्यापक रूप से पहचाना गया, जो भारतीय कृषि में एक परिवर्तनकारी चरण था जिसने फसल उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की और राष्ट्र के लिये खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस परिवर्तन से फसल की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे भारत खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया और अकाल का खतरा टल गया।
- स्वामीनाथन और नॉर्मन बोरलॉग अर्द्ध-वामन ने (Semi-Dwarf) गेहूँ किस्मों सहित उच्च उपज वाले गेहूँ एवं चावल की कृषि पर कार्य किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप में 'स्वामीनाथन रिपोर्ट' ने कृषि संकट के कारणों की जाँच की।
- उन्होंने पौधों की किस्मों और किसानों के अधिकार के संरक्षण अधिनियम 2001 को विकसित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। **अत: कथन 3 सही है।**

68.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- 'भारत रत्न' देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है और इसकी स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह पुरस्कार जाति, व्यवसाय, स्थिति या लिंग के भेदभाव के बिना, उच्चतम क्रम की असाधारण सेवा/प्रदर्शन की मान्यता में प्रदान किया जाता है।
- संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अनुसार, पुरस्कार का उपयोग प्राप्तकर्त्ता के नाम के उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह पुरस्कार मूल रूप से कला, साहित्य, विज्ञान और सार्वजनिक सेवाओं में उपलब्धियों तक सीमित था।
  - लेकिन दिसंबर 2011 में सरकार ने मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र को शामिल करने के लिये मानदंडों का विस्तार किया।
- पुरस्कार प्रदान किये जाने पर प्राप्तकर्त्ता को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पदक प्राप्त होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**69.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार (RPwD) अधिनियम 2016 ने दिव्यांगों के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण को 3% से बढ़ाकर 4% और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3% से बढ़ाकर 5% कर दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बेंचमार्क दिव्यांगता वाले 6 से 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त शिक्षा का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- RPwD अधिनियम, 2016 द्वारा विकलांगता के प्रकार को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है।
- RPwD अधिनियम, 2016 में मानसिक बीमारी, ऑटिज़्म, स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल बीमारियाँ, भाषा दिव्यांगता, थैलेसीमिया, हीमोफिलिया, सिकल सेल रोग, बहरा, अंधापन, एसिड अटैक पीड़ितों और पार्किंसंस रोग सहित कई दिव्यांगताएँ शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**70.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- संविधान (106वाँ संशोधन) अधिनियम, 2023, लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में महिलाओं के लिये सभी सीटों में से एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें SC और ST हेतु आरक्षित सीटें भी शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- आरक्षण अधिनियम के प्रारंभ होने के बाद आयोजित जनगणना के प्रकाशन के बाद प्रभावी होगा और संसदीय कार्रवाई द्वारा निर्धारित संभावित विस्तार के साथ 15 वर्ष की अवधि तक चलेगा।
- प्रत्येक परिसीमन प्रक्रिया के बाद महिलाओं के लिये आवंटित सीटों का चक्रण संसदीय कानून द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**71.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने सीमा पार लेन-देन के लिये भारतीय रुपए (INR) एवं संयुक्त अरब अमीरात दिरहम (AED) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली (Local Currency Settlement System- LCSS) स्थापित करने के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह निर्यातकों और आयातकों को अपनी-अपनी घरेलू मुद्राओं में भुगतान करने में सक्षम बनाएगा तथा INR-AED विदेशी मुद्रा बाज़ार के विकास को सक्षम करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों ने भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) को यूएई के इंस्टेंट पेमेंट प्लेटफॉर्म (Instant Payment Platform- IPP) और रुपे स्विच तथा यूएईस्विच के साथ जोड़ने पर सहयोग करने के लिये हस्ताक्षर किये हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**72.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- COP-28 जलवायु शिखर सम्मेलन के सदस्य देश जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे देशों को मुआवज़ा देने के उद्देश्य से हानि और क्षति (Loss and Damage) कोष को संचालित करने के लिये एक समझौते पर पहुँचे। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (National Mission for Clean Ganga) के नेतृत्त्व में COP-28 में ग्लोबल रिवर सिटीज़ एलायंस लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्रीन क्रेडिट पहल की अवधारणा स्वैच्छिक ग्रह-समर्थक (pro-planet) कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये एक तंत्र के रूप में की गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

73.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रपति समय-समय पर संसद के प्रत्येक सदन को बैठक के लिये आहूत करते हैं लेकिन संसद के दो सत्रों के बीच अधिकतम अंतराल छह महीने से अधिक नहीं हो सकता। दूसरे शब्दों में संसद की बैठक वर्ष में कम से कम दो बार होनी चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- अनिश्चित काल के लिये स्थगन का अर्थ है संसद की बैठक को अनिश्चित काल के लिये समाप्त करना। दूसरे शब्दों में जब सदन को पुन: समवेत होने का दिन बताए बिना स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे अनिश्चित काल के लिये स्थगन कहा जाता है। स्थगन के साथ-साथ अनिश्चित काल के लिये स्थगन की शक्ति सदन के पीठासीन अधिकारी के पास होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जब सत्र का कामकाज पूरा हो जाता है तो पीठासीन अधिकारी (अध्यक्ष या सभापति) सदन को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा करता है। अगले कुछ दिनों के भीतर राष्ट्रपति सत्र को स्थगित करने की अधिसूचना जारी करते हैं। हालाँकि राष्ट्रपति सत्र के दौरान सदन का सत्रावसान भी कर सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

74.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सामान्य सिद्धांत यह है कि व्यवस्था बनाए रखना पीठासीन अधिकारी यानी लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की भूमिका एवं कर्त्तव्य है ताकि सदन सुचारू रूप से चल सके। इसलिये किसी सदस्य को निलंबित करने की शक्ति उसके पास है न कि राष्ट्रपति के पास। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- किसी सदस्य को सदन से निलंबित करने से उसकी सदस्यता स्वत: समाप्त नहीं हो जाती। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यहाँ तक कि राज्यसभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 255, 256 के तहत राज्यसभा के सदस्यों को सदन से निलंबित किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

75.

उत्तर: A

व्याख्या:

**उपाध्यक्ष (Deputy Speaker):**

- लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति एवं उपसभापति के वेतन-भत्ते भी संसद द्वारा निर्धारित किये जाते हैं। वे भारत की संचित निधि पर भारित होते हैं तथा इस प्रकार वे संसद के वार्षिक मतदान के अधीन नहीं होते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यहाँ यह ध्यान देने योग्य बात है कि उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के अधीन नहीं होता है। वह सीधे तौर पर सदन के प्रति उत्तरदायी होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उपसभापति को एक विशेष विशेषाधिकार प्राप्त है, वह है,जब भी उसे किसी संसदीय समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वह स्वत: ही इसका अध्यक्ष बन जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

76.

उत्तर: B

व्याख्या:

**ग्लोबल ग्रीन क्रेडिट (GGC):**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ 1 दिसंबर, 2023 को दुबई में आयोजित COP-28 के दौरान 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम' पर हुए उच्च स्तरीय कार्यक्रम की संयुक्त रूप से मेज़बानी की।
- ग्रीन क्रेडिट पहल को जलवायु परिवर्तन की चुनौती के लिये एक प्रभावी प्रतिक्रिया के रूप में, पृथ्वी के हित से जुड़े स्वैच्छिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये एक तंत्र के रूप में तैयार किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों का जीर्णोद्धार करने और उन्हें पुनर्जीवित करने के लिये बंजर/ खराब भूमि तथा नदी जलग्रहण क्षेत्रों पर वृक्षारोपण के लिये ग्रीन क्रेडिट जारी करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

77.

उत्तर: B

व्याख्या:

**I2U2:**

- I2U2 समूह, जिसे पश्चिम एशियाई क्वाड/मध्य पूर्व क्वाड/न्यू क्वाड के रूप में भी जाना जाता है, भारत, इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक नया रणनीतिक सहयोग है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत इस समूह का स्थायी सदस्य है जबकि ईरान इस समूह का सदस्य नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिये स्थापित इस गठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक विकास, वैज्ञानिक प्रगति एवं क्षेत्रीय स्थिरता को आगे बढ़ाना है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

78.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) तीनों सेवाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) तथा भारतीय तटरक्षक हेतु नई नीतियों एवं पूंजी अधिग्रहण पर निर्णय करने के लिये सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रक्षा मंत्री परिषद का अध्यक्ष होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कारगिल युद्ध (1999) के बाद वर्ष 2001 में 'राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली में सुधार' पर मंत्रियों के समूह की सिफारिशों के बाद इसका गठन किया गया था।

79.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान में भारत में विभिन्न समुदाय अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित होते हैं। यथा- हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी, यहूदी अपने-अपने व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित होते हैं, जैसे क्रमशः हिंदू कानून, मुस्लिम कानून, ईसाई कानून, पारसी कानून और यहूदी कानून। हिंदू कानून सिख, बौद्ध और जैन आदि पर लागू होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन बनाम केरल राज्य (2018) ने स्थापित किया कि व्यक्तिगत/प्रथागत कानून सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार अनुच्छेद 13 के दायरे में आता है। **अतः कथन 3 सही है।**

80.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS):**

- इसके निर्माण की सिफारिश 2001 में मंत्रियों के एक समूह (GoM) द्वारा की गई थी, जिसे कारगिल समीक्षा समिति (1999) की रिपोर्ट का अध्ययन करने का काम सौंपा गया था।
- वह रक्षा मंत्रालय में नव निर्मित सैन्य मामलों के विभाग (DMA) के प्रमुख हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- CDS के पास तीनों प्रमुखों को निर्देश जारी करने का अधिकार है लेकिन सेनाओं पर कमांड का अधिकार नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

81.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बैंक रन:**

- जब कई ग्राहकों का बैंक पर से भविष्य के किसी जोखिम के कारण विश्वास समाप्त हो जाता है और वे एक साथ अपनी जमाराशि वापिस ले लेते हैं तो इसे बैंक रन कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अधिक लोगों द्वारा अपना पैसा निकालने से बैंक के विफल होने की अधिक संभावना होती है जिसके परिणामस्वरूप लोग अपनी धनराशि का और अधिक आहरण करते हैं।
- फेडरल डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (FDIC) की स्थापना वर्ष 1933 में संयुक्त राज्य अमेरिका में बैंक रन की घटनाओं को कम करने के प्रयास के लिये की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में किसी बैंक में प्रत्येक जमाकर्त्ता को बैंक के लाइसेंस के परिसमापन/रद्द होने की तिथि पर अथवा जमा बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम द्वारा समामेलन/विलय/पुनर्निर्माण की योजना कार्यान्वित होने की तिथि पर समान अधिकार एवं समान क्षमता में उनके द्वारा धारित मूलधन तथा ब्याज़ राशि दोनों के लिये अधिकतम 5,00,000 (पाँच लाख रुपए) तक का बीमा दिया जाता है।

82.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**SWATI पोर्टल:**

- यह भारत में विकसित इस प्रकार का पहला व्यापक इंटरैक्टिव डेटाबेस है जिसका विकास, मेज़बानी और रखरखाव नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (NIPGR), नई दिल्ली द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका लक्ष्य एक एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करना है जो STEMM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, गणित और चिकित्सा) में भारतीय महिलाओं एवं लड़कियों का प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

83.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005:**

- इसका उद्देश्य पत्नी अथवा महिला लिव-इन पार्टनर को पति, पुरुष लिव-इन पार्टनर अथवा उसके नातेदारों द्वारा किये जाने वाले हिंसा से बचाना है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- कोई भी महिला अथवा महिला की ओर से कोई भी अन्य व्यक्ति घरेलू हिंसा के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- एक बच्चा DV अधिनियम के तहत सहायता प्राप्त कर सकता है तथा बच्चे की माँ उसकी ओर से आवेदन कर सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**84.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट:**

- भारत और म्याँमार ने संयुक्त रूप से भारत के पूर्वी बंदरगाहों से म्याँमार तक कार्गो शिपमेंट के लिये एक मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली स्थापित करने हेतु कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट की पहचान की। **अत: कथन-I सही है।**
- कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट चिकन नेक (Chicken's Neck) का एक विकल्प प्रदान करता है, जो अपनी पूर्वोत्तर सीमा पर भारत का नियंत्रण बढ़ाता है और लॉजिस्टिक कमज़ोरियों को कम करता है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण है।**

**85.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सुपारी (Areca Nut):**

- सुपारी को प्रचुर मात्रा में और अच्छी तरह से वितरित वर्षा की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह भारत की मूल फसल नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - एरेका कैटेचू (Areca Catechu) मूल रूप से मलेशियाई प्रायद्वीप में पाई जाती है, लेकिन इसके उपयोग के परिणामस्वरूप पूरे दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में इसकी प्राकृतिक खेती का एक लंबा इतिहास रहा है।
- भारत सुपारी का अग्रणी उत्पादक है, वैश्विक तौर पर इसका हिस्सा उत्पादन के मामले में 50% और सुपारी उत्पादक क्षेत्र के मामले में 43% है। **अत: कथन 3 सही है।**

**86.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कुकी लोग पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मणिपुर में एक जनजातीय समूह हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- हखा चिन, जिसे हखा जनजाति के नाम से भी जाना जाता है, पश्चिमी म्याँमार के चिन राज्य का मूल निवासी एक जनजातीय समूह है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- भील जनजाति भारत में सबसे बड़ी और सबसे व्यापक रूप से वितरित जनजातियों में से एक है। वे मुख्य रूप से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात तथा महाराष्ट्र राज्यों में पाए जाते हैं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**87.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (Insolvency and Bankruptcy Code- IBC), 2016:**

- दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (Insolvency and Bankruptcy Code- IBC), 2016 भारत का दिवालियापन कानून है जो कॉर्पोरेट व्यक्तियों, साझेदारी फर्मों एवं व्यक्तियों के दिवालियेपन से संबंधित मौजूदा कानूनों को समेकित तथा संशोधित करता है। **अत: कथन-I सही है।**
- IBC का लक्ष्य दिवाला समाधान के लिये समयबद्ध और लेनदार-संचालित प्रक्रिया प्रदान करना एवं देश में क्रेडिट संस्कृति तथा कारोबारी माहौल में सुधार करना है। अत: कथन-II सही है।

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं करता है।**

**88.**

**उत्तर : B**

**श्वेत पत्र (White Paper):**

- एक श्वेत पत्र आमतौर पर एक विशिष्ट मुद्दे के बारे में सूचित करता है, जैसे कि सरकार समस्या और इसके संभावित समाधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये काले धन पर एक प्रस्ताव पेश करती है। **अत: विकल्प B सही है।**

**89.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- UNFPA (संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष) भारत ने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज़ (IIPS) के सहयोग से भारत एजिंग रिपोर्ट 2023 का अनावरण किया है, जो भारत में तेज़ी से बढ़ती बुज़ुर्ग आबादी पर प्रकाश डालती है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

90.

उत्तर: C

व्याख्या:

**गिनी गुणांक:**

- यह धन असमानताओं के मूल्यांकन में सहायता करने वाले देशों के भीतर या देशों के बीच आर्थिक असमानता का एक सांख्यिकीय उपाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका मान 0 से 1 तक होता है, जिसमें 0 पूर्ण समानता का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ धन समान रूप से वितरित होता है और 1 पूर्ण असमानता का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ एक व्यक्ति सारी संपत्ति का स्वामी होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

91.

उत्तर: B

व्याख्या:

**कतर:**

- इसकी एकमात्र भूमि सीमा दक्षिण में सऊदी अरब के साथ साझा होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बहरीन की खाड़ी, फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार, कतर को बहरीन से अलग करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 2030 के एशियाई खेल कतर में आयोजित किये जायेंगे। **अत: कथन 3 सही है।**




92.

उत्तर: B

व्याख्या:

**विश्व सरकार शिखर सम्मेलन:**

- संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2013 में स्थापित, यह एक वार्षिक वैश्विक सम्मलेन है जो तत्काल वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने तथा उनसे निपटने के लिये विभिन्न क्षेत्रों के वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, विशेषज्ञों एवं विचारकों को एक मंच पर लाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह प्रतिवर्ष दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- शिखर सम्मेलन, 2024 की थीम "भविष्य की सरकारों को आकार देना (Shaping Future Governments)" है। **अत: कथन 3 सही है।**

93.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ऑपरेशन बंदर पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद प्रशिक्षण सुविधा पर मिराज-2000 हवाई हमले के लिये भारतीय वायुसेना के कोड का नाम था, जिसमें 40 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- भारत ने खार्तूम और अन्य अस्थिर स्थानों में संकट क्षेत्रों से अपने निवासियों को बचाने के लिये ऑपरेशन कावेरी के दौरान भारतीय वायु सेना के परिवहन विमानों एवं भारतीय नौसेना के जहाज़ों का प्रयोग किया। उसके बाद नागरिकों को बसों के ज़रिये जेद्दा पहुँचाया गया। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- राज्य प्रशासन की सहायता करने और व्यापक बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये आपदा राहत अभियान हेतु भारतीय नौसेना ने वर्ष 2018 में ऑपरेशन मदद शुरू किया, जो बाढ़ग्रस्त केरल में बचाव एवं राहत मिशन था। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

94.

उत्तर: A

व्याख्या:

**लोकसभा के उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर):**

- भारत में डिप्टी स्पीकर की संस्थाओं की शुरुआत भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रावधानों के तहत वर्ष 1921 में की गई। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- संविधान के अनुच्छेद 93 में प्रावधान है कि लोकसभा को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिये लोकसभा के दो सदस्यों का चुनाव करना होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**95.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**'फ्रंट रनिंग':**

- इसमें जनता के सामने प्रकट होने से पहले दलालों या विश्लेषकों से विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी का उपयोग करके शेयर बाज़ार में व्यापार करना शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- फ्रंट-रनिंग ट्रेडों के लिये सामान्य रणनीतियों में क्रय-क्रय-विक्रय (BBS) और विक्रय-विक्रय-क्रय (SSB) ट्रेडिंग प्रणाली शामिल हैं।
- भारत में फ्रंट रनिंग में संलग्न होना गैर-कानूनी है।

**96.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रीयूनियन, मैयट और हिंद महासागर में स्थित द्वीपों के फ्राँसीसी विदेशी क्षेत्र के माध्यम से फ्राँस, हिंद महासागर में तटीय राज्य है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मेडागास्कर के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और आधिकारिक रूप से यूरोपीय संघ का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**




**97.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दिव्यांग जनों का अधिकार अधिनियम, 2016:**

- इसके अनुसार दिव्यांग जनों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मान्यता प्राप्त दिव्यांगताओं की संख्या 7 से बढ़कर 21 हो गई है, जिसमें केंद्र सरकार के पास अतिरिक्त प्रकारों शामिल करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके अनुसार दिव्यांग जनों के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण को 3% से बढ़ाकर 4% और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3% से बढ़ाकर 5% कर दिया गया है।
- 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क दिव्यांगता वाले प्रत्येक बच्चे को मुफ्त शिक्षा का अधिकार होगा। सरकार द्वारा वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों को भी समावेशी शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य है।
- सुगम्य भारत अभियान के तहत सार्वजनिक भवनों में निर्धारित समय सीमा में पहुँच की सुगमता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

**98.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फतेहपुर सीकरी:**

- मुगल सम्राट अकबर ने 1569 ई. में फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 1571 से 1585 ई. तक यह मुगल साम्राज्य की राजधानी था, लेकिन इसकी अपर्याप्त जल आपूर्ति के कारण राजधानी को 1586 ई. में दिल्ली में स्थानांतरित कर दिया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1986 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल नामित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**99.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP):**

- IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है। **अतः कथन 1 सही है।**

- आठ प्रमुख क्षेत्र के उद्योगों का भारांक अवरोही क्रम: रिफाइनरी उत्पाद > विद्युत > इस्पात > कोयला > कच्चा तेल > प्राकृतिक गैस > सीमेंट > उर्वरक है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

100.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत रत्न पुरस्कार:**

- भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत रत्न प्राप्तकर्त्ता भारतीय वरीयता क्रम में सातवें स्थान पर हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत रत्न प्राप्तकर्त्ता भारतीय नागरिक हों, यह आवश्यकता नहीं है, उदाहरण के लिये मदर टेरेसा, एक साभौंमिक नागरिक थीं, और अब्दुल गफ्फार खान तथा नेल्सन मंडेला, जो अन्य देशों के नागरिक थे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

101.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बखमुत पूर्वी यूक्रेन का एक शहर है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- बख्तियारी प्रांत ईरान के प्रांतों में से एक है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- तुर्किये की महानगरीय राजधानी अंकारा यहाँ के मध्य अनातोलिया क्षेत्र में स्थित है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प b सही है।**

102.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय मानक ब्यूरो (BIS):**

- भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) 26 नवंबर 1986 के संसद के एक अधिनियम द्वारा 1 अप्रैल 1987 को स्थापित किया गया था, इसका उद्देश्य वस्तुओं के मानकीकरण और गुणवत्ता आश्वासन में सामंजस्यपूर्ण विकास सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

103.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA) 2019:**

- नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA) 2019 का उद्देश्य अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित प्रवासियों को नागरिकता देना है। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA) 2019 को 12 दिसंबर 2019 को अधिसूचित किया गया था तथा यह 10 जनवरी 2020 को लागू हुआ। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह छह समुदायों के सदस्यों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट अधिनियम, 1920 के तहत किसी भी आपराधिक मामले से छूट प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

104.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट:**

- यह विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रतिवर्ष जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह चार क्षेत्रों अर्थात् आर्थिक भागीदारी और अवसर, शिक्षा प्राप्ति, स्वास्थ्य और उत्तरजीविता तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर लैंगिक समानता का मूल्यांकन करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

105.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005:**

- संविधान, कानूनों या सरकारी अधिसूचनाओं के तहत स्थापित सभी संस्थाएँ और गैर सरकारी संगठनों सहित सभी संस्थाएँ, जो सरकार के स्वामित्व वाली नियंत्रित या पर्याप्त रूप से वित्तपोषित हैं इस अधिनियम में शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- सभी निजी निकाय, जो सरकार के स्वामित्व, नियंत्रण या पर्याप्त रूप से वित्तपोषित हैं, सीधे अधिनियम के अंतर्गत आते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय सूचना आयोग सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

106.

उत्तर: B

व्याख्या:

**वित्त आयोग ( Finance Commission ):**

- भारत में वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है। यह कोई स्थायी निकाय नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका मुख्य कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 15वें वित्त आयोग ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिये एक आधुनिकीकरण कोष (Modernisation Fund for Defence and Internal Security- MFDIS) स्थापित करने का सुझाव दिया, जो गैर-व्यपगत न हो और मुख्य रूप से भारत के समेकित कोष तथा अन्य स्रोतों से वित्त पोषित हो। **अत: कथन 3 सही है।**

107.

उत्तर: C

व्याख्या:

**लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 ( Representation of the People Act, 1951- RPA ):**

- **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951:** RPA अधिनियम भारत में चुनावों के संबंध में नियमों और विनियमों की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें चुनाव व्यय योगदान की घोषणा तथा खातों के रखरखाव से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। अत: कथन-I सही है।
- भारत में चुनाव प्रक्रिया राज्य द्वारा वित्तपोषित नहीं है। **अत: कथन-II सही नहीं है।**

**अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।**

108.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **कंपनी अधिनियम, 2013:** कंपनी अधिनियम राजनीतिक दलों को कॉर्पोरेट दान को नियंत्रित करता है, एक कंपनी अधिकतम योगदान राशि निर्दिष्ट करती है और वित्तीय विवरणों में राजनीतिक योगदान के खुलासे को अनिवार्य करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **आयकर अधिनियम, 1961:** आयकर अधिनियम राजनीतिक दलों और उनके दाताओं के कर उपचार को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - राजनीतिक दलों को कर नियमों का पालन करना होगा और राजनीतिक दान देने वाले व्यक्ति या संस्थाएँ कुछ शर्तों के तहत कर लाभ के लिये पात्र हो सकते हैं।
- **इलेक्टोरल ट्रस्ट योजना, 2013 ( Electoral Trusts Scheme, 2013 ):** इसे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) द्वारा अधिसूचित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**
  - इलेक्टोरल ट्रस्ट कंपनियों द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका एकमात्र उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है।

109.

उत्तर: D

व्याख्या:

**समान नागरिक संहिता ( UCC ):**

- समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सरकारी व्यक्तिगत कानूनों को सभी धार्मिक समुदायों पर लागू होने वाले एकल कानून से बदलना है, जो विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार, राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

110.

उत्तर: A

व्याख्या:

**बार काउंसिल ऑफ इंडिया ( BCI ):**

- यह आचरण मानकों को स्थापित करके, वकीलों पर अनुशासनात्मक अधिकार का प्रयोग करके और कानूनी शिक्षा के लिये विश्वविद्यालयों को मान्यता देकर कानूनी पेशे को नियंत्रित करता है। **अत: कथन-I सही है।**
- यह भारतीय बार को विनियमित करने और प्रतिनिधित्व करने के लिये अधिवक्ता अधिनियम (Advocates Act),1961 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I के लिये सही व्याख्या है।**

111.

उत्तर: B

व्याख्या:

**अनुच्छेद 19(1):**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रावधान है और आमतौर पर राज्य के खिलाफ लागू होता है।
- भारतीय संविधान, 1949 का अनुच्छेद 19 सभी नागरिकों को स्वतंत्रता के अधिकारों की गारंटी प्रदान करता है, जो इस प्रकार हैं:
  - (a) वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार।
  - (b) शांतिपूर्वक सम्मेलन में भाग लेने की स्वतंत्रता का अधिकार।
  - (c) संगम या संघ बनाने का अधिकार।
  - (d) भारत के संपूर्ण राज्यक्षेत्र में अबाध आवागमन की स्वतंत्रता का अधिकार।
  - (e) भारत के किसी भी क्षेत्र में निवास का अधिकार।
  - (f) विलोपित
  - (g) व्यवसाय आदि की स्वतंत्रता का अधिकार।
- **अत: विकल्प B सही है।**

112.

उत्तर: C

व्याख्या:

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

- MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी फसल के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।
- MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP) की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। **अत: कथन 2 सही है।**

113.

उत्तर: A

व्याख्या:

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA):**

- यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत वर्ष 1960 में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यूरोपीय संघ की सदस्यता होने की दशा में स्वत: यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) की सदस्यता प्राप्त नहीं होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - EFTA ने विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हुए मुक्त व्यापार समझौतों (FTA) का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया है जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड, यूरोपीय संघ (EU) सहित 60 से अधिक देश शामिल हैं।
- चूँकि EFTA यूरोपीय संघ की भाँति एक सीमा शुल्क संघ नहीं है इसलिये प्रत्येक EFTA राज्य गैर-EFTA राज्यों के साथ स्वतंत्र रूप से सीमा शुल्क प्रशुल्क तथा अन्य विदेशी व्यापार नीतियाँ स्थापित करने के लिये स्वतंत्र है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

114.

उत्तर: B

व्याख्या:

**भारतीय रिज़र्व बैंक:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अधिनियम की धारा 31 के अनुसार "केवल RBI अथवा RBI अधिनियम द्वारा अधिकृत केंद्र सरकार ही नोट अथवा बंधपत्र के वाहक को धन के भुगतान के लिये कोई विनिमयपत्र अथवा वचनपत्र का निर्गमन कर सकती है, स्वीकार कर सकती है, तैयार कर सकती है अथवा जारी कर सकती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 बैंक के कामकाज के लिये वैधानिक आधार प्रदान करता है, जिसका कार्यान्वन 1 अप्रैल, 1935 से शुरू किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

115.

उत्तर: D

व्याख्या:

**नज़ूल भूमि:**

- नज़ूल भूमि पर सरकार का स्वामित्व होता है किंतु इसे प्रत्यक्ष रूप से राज्य संपत्ति के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- राज्य आमतौर पर ऐसी भूमि को किसी भी इकाई को 15 से 99 वर्ष के बीच एक निश्चित अवधि के लिये पट्टे पर आवंटित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सरकार आमतौर पर नज़ूल भूमि का उपयोग सार्वजनिक उद्देश्यों, जैसे- स्कूल, अस्पताल, ग्राम पंचायत भवन आदि के निर्माण के लिये करती है।
- जबकि कई राज्यों ने नज़ूल भूमि के लिये नियम बनाने के उद्देश्य से सरकारी आदेश जारी किये हैं, नज़ूल भूमि (स्थानांतरण) नियम, 1956 वह कानून है जिसका उपयोग ज़्यादातर नज़ूल भूमि निर्णय के लिये किया जाता है।

116.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रत्येक धन विधेयक एक वित्तीय विधेयक होता है किंतु प्रत्येक वित्तीय विधेयक एक धन विधेयक नहीं होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्यसभा के पास धन विधेयकों में संशोधन करने तथा अस्वीकार करने का अधिकार नहीं है किंतु उनके द्वारा वित्त विधेयकों को संशोधित अथवा अस्वीकार किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक विधेयक जिसमें अन्य विषयों के साथ कराधान अथवा व्यय संबंधी कारक शामिल हैं, उसे वित्तीय विधेयक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

117.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है और बौद्धिक संपदा के व्यापार-संबंधित पहलुओं पर समझौते (TRIPS समझौते) के लिये प्रतिबद्ध है।
  - भारत IPR से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रशासित अंतर्राष्ट्रीय संधियों और सम्मेलनों का भी सदस्य है। **अतः कथन-I सही नहीं है।**
- व्यक्तियों को उनके बौद्धिक सृजन के परिप्रेक्ष्य में प्रदान किये जाने वाले अधिकार ही बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) कहलाते हैं। वे आमतौर पर निर्माता को एक निश्चित अवधि के लिये अपनी रचना के उपयोग पर एक विशेष अधिकार देते हैं। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है और कथन-II सही है।**

118.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009:**

- इसने वर्ष 2009 में बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान की और इसे अनुच्छेद 21-A के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में लागू किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- शिक्षा के अधिकार पर पहला आधिकारिक दस्तावेज़ वर्ष 1990 में राममूर्ति समिति की रिपोर्ट थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2002 में भारत के संविधान में 86वें संशोधन के द्वारा संविधान के भाग III में शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में प्रदान किया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

119.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ (1994) में सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की कि धर्मनिरपेक्षता और संघवाद भारतीय संविधान के मूलभूत पहलू हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत संघ बनाम एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (2002) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवारों की संपत्ति, शैक्षिक योग्यता एवं आपराधिक पृष्ठभूमि जैसे व्यक्तिगत विवरण का खुलासा किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ, 2017 के ऐतिहासिक निर्णय में निजता एवं उसके महत्त्व का वर्णन करते हुए कहा गया कि गोपनीयता का अधिकार एक मौलिक तथा अविभाज्य अधिकार है और साथ ही यह उस व्यक्ति से जुड़ा है जिसमें उस व्यक्ति व उसके द्वारा चुने गए विकल्पों के बारे में सारी जानकारी शामिल होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

120.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डेटा विशिष्टता का सिद्धांत:**

- नई दवा की सुरक्षा और प्रभावकारिता के लिये नियामक निकायों को सौंपे गए नैदानिक परीक्षण डेटा की सुरक्षा करना डेटा विशिष्टता के सिद्धांत का हिस्सा है। यह नवप्रवर्तकों को उनके

निवेश की भरपाई के लिये एक अवधि हेतु विशिष्टता प्रदान करके नवप्रवर्तक तथा जेनेरिक दवा कंपनियों के हितों को संतुलित करता है। जिसके बाद पेटेंट अमान्य होने की स्थित में भी जेनेरिक कंपनियाँ अपने स्वयं के अनुमोदन के लिये डेटा का उपयोग कर सकती हैं।

- **अतः विकल्प A सही है।**

**121.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 Surrogacy (Regulation) Act, 2021:**

- सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के तहत एक महिला जो विधवा है या 35 से 45 वर्ष की आयु की तलाकशुदा है अथवा कोई दंपति, जिन्हें कानूनी रूप से विवाहित महिला और पुरुष के रूप में परिभाषित किया गया है, यदि उनकी कोई चिकित्सीय स्थिति है तथा उन्हें इस विकल्प की आवश्यकता है तो वे सरोगेसी का लाभ उठा सकते हैं। यह एकल महिलाओं को सरोगेसी के विकल्प की अनुमति नहीं देता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इच्छित जोड़ा/युगल कानूनी रूप से विवाहित भारतीय पुरुष और महिला होना चाहिये, पुरुष की आयु 26-55 वर्ष के बीच एवं महिला की आयु 25-50 वर्ष के बीच होनी चाहिये तथा उनका पहले से कोई अनुवांशिक/वास्तविक (Biological), गोद लिया हुआ या सरोगेट बच्चा नहीं होना चाहिये।
- यह व्यावसायिक सरोगेसी पर भी प्रतिबंध लगाता है, जिसके लिये 10 वर्ष के कारावास की सज़ा और 10 लाख रुपए तक का ज़ुर्माना हो सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कानून केवल परोपकार के उद्देश्य वाले सरोगेसी की अनुमति देता है जहाँ पैसे का विनिमय नहीं होता है और जहाँ सरोगेट माँ आनुवंशिक रूप से संतान के इच्छुक युगल/जोड़े से संबंधित होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**122.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**तुंगभद्रा नदी:**

- यह दक्षिण भारतीय प्रायद्वीप की एक प्रमुख नदी है।
    - यह नाम दो नदियों तुंग और भद्र के विलय से बना है।
- वरदा नदी और हगारी (वेदाथी) नदी इसकी दो प्रमुख सहायक नदियाँ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों से होकर बहती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**123.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (QUAD):**

- यह एक रणनीतिक मंच है जिसमें अमेरिका, जापान, भारत एवं ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- लोकतांत्रिक होने के परिणामस्वरूप चारों राष्ट्र एक समान आधार रखते हैं तथा निर्बाध समुद्री व्यापार एवं सुरक्षा के साझा हित का भी समर्थन करते हैं।
- इसका उद्देश्य "स्वतंत्र, खुला और समृद्ध" भारत-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना तथा उसका समर्थन करना है।
- क्वाड एक औपचारिक गठबंधन के बजाय एक लचीला समूह है। इसमें नाटो या संयुक्त राष्ट्र की तरह कोई निर्णय लेने वाली संस्था या सचिवालय अथवा कोई औपचारिक संरचना नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**124.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पीएम किसान योजना:**

- इस योजना में सभी भूमिधारक किसानों के बैंक खातों में उनकी भूमि के आकार की परवाह किये बिना, 6,000 रुपए वार्षिक का प्रत्यक्ष हस्तांतरण तीन बराबर भागों में वितरित करके किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका 100% वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**125.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सर्वाइकल कैंसर:**

- भारत सरकार 9-14 वर्ष की लड़कियों के लिये ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) के खिलाफ तीन चरण का टीकाकरण अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जिसका लक्ष्य सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करना है। **अतः कथन-I सही है।**

नोट :

- सर्वाइकल कैंसर के लगभग सभी मामले (99%) उच्च जोखिम वाले HPV संक्रमण से जुड़े हैं, जो यौन संपर्क के माध्यम से प्रसारित होने वाला एक अत्यंत सामान्य वायरस है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण है।**

126.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रक्षा अताशे:**

- रक्षा अताशे (DA) एक सामान्य शब्द है जो सशस्त्र सेवाओं की सभी शाखाओं के कर्मियों को कवर करता है, हालाँकि कुछ बड़े देश वायु सेना या नौसेना अताशे जैसी व्यक्तिगत सेवा शाखा का प्रतिनिधित्व करने के लिये एक अताशे की नियुक्ति कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- रक्षा अताशे (DA) सशस्त्र बलों का एक सदस्य है जो विदेश में अपने देश के दूतावास में रक्षा प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है और इस क्षमता में राजनयिक स्थिति एवं प्रतिरक्षा प्राप्त करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में भारत के पास विदेशों में 64 सैन्य अताशे हैं, लेकिन यह संख्या बढ़कर 70 हो सकती है, जिसे देश के बढ़ते हितों को देखते हुए अपर्याप्त माना जाता है, खासकर जब इसकी तुलना चीन से की जाती है, जिसके 110 से अधिक देशों में अताशे हैं, यूके में लगभग 145 अताशे हैं और अमेरिका में इससे भी अधिक अताशे हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

127.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**C-स्पेस:**

- C-स्पेस भारत में पहला राज्य स्वामित्व वाला ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म है, जिसका स्वामित्व केरल सरकार के पास है।
    - पूर्ण रूप से केरल सरकार द्वारा वित्तपोषित इस प्लेटफॉर्म का निर्माण केरल राज्य फिल्म विकास निगम (KSFDC) के तहत किया गया है। इसका उद्देश्य फिल्मों, लघु फिल्मों और वृत्तचित्रों को बढ़ावा देने के साथ-साथ कम बजट वाले स्वतंत्र सिनेमा को इस मंच की सहायता से व्यापक दर्शकों तक अपनी पहुँच का विस्तार करने में सहायता प्रदान करना है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

128.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गर्भपात:**

- भारत में गर्भपात वैध है जिसके तहत गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की अनुमति दी जाती है जो गर्भपात के संबंध में संबद्ध महिला की इच्छा के समर्थन को दर्शाता है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत ने शांतिलाल समिति की अनुशंसाओं के आधार पर गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 (MTP एक्ट 1971) पारित कर गर्भपात को वैध बनाने की शुरुआत की। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

129.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-ग्रीस संबंध:**

- ग्रीस के साथ भारत का संपर्क 2500 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था। **अतः कथन 1 सही है।**
- गांधार कला, जो वर्तमान पाकिस्तान और अफगानिस्तान के क्षेत्र में विकसित हुई, भारतीय एवं ग्रीक/यूनानी प्रभावों का परिणाम मानी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बहुपक्षीय अभ्यास, INIOCHOS-23 में भारत और ग्रीस दोनों ने भाग लिया। **अतः कथन 3 सही है।**

130.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चिन लोग म्याँमार के चिन राज्य और रखाइन राज्य के मूल निवासी तथा एक जातीय समूह हैं। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- कुकी मणिपुर राज्य में पाई जाने वाली एक जातीय जनजाति है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- मिज़ो लोग जिन्हें ऐतिहासिक रूप से लुशाई के रूप में दर्ज किया गया है, भारत के मिज़ोरम राज्य और पूर्वोत्तर भारत के पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी एवं एक जातीय समूह हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

131.

उत्तर: A

व्याख्या:

**मुक्त आवागमन व्यवस्था (FMR):**

- इसका उद्देश्य स्थानीय सीमा व्यापार को सुविधाजनक बनाना, सीमावर्ती निवासियों के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार करना तथा राजनयिक संबंधों को मज़बूत करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत की यह व्यवस्था केवल म्याँमार के साथ है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हाल ही में भारतीय गृह मंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2018 से म्याँमार की सीमा से लगे भारतीय राज्यों में लागू "मुक्त आवागमन व्यवस्था" (FMR) को खत्म कर दिया जाएगा और भारत-म्याँमार सीमा पर बाड़ लगा दी जाएगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

132.

उत्तर: B

व्याख्या:

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

- केंद्र सरकार कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के एक संबद्ध कार्यालय, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों के आधार पर प्रतिवर्ष खरीफ तथा रबी मौसम से पहले 23 फसलों के लिये MSP अधिसूचित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इन फसलों में अनाज, मोटे अनाज और दालें जैसे खाद्यान्न शामिल हैं। हालाँकि सार्वजनिक खरीद काफी हद तक कुछ खाद्यान्नों जैसे- धान (चावल), गेहूँ और कुछ हद तक दालों तक ही सीमित है।
- यह एक संदर्भ मूल्य के रूप में कार्य करता है जिस पर सरकार और उसकी एजेंसियाँ किसानों से कुछ खाद्यान्न खरीदती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- निजी व्यापारियों या कंपनियों द्वारा खाद्यान्न की खरीद के लिये MSP अनिवार्य नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

133.

उत्तर: A

व्याख्या:

**क्यासानूर वन रोग (KFD):**

- क्यासानूर वन रोग (KFD), एक ज़ूनोटिक बीमारी है, जिसे बंदरों की मृत्यु से जुड़े होने के कारण बोलचाल की भाषा में "बंदर रोग" कहा जाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- यह क्यासनूर वन रोग वायरस (KFDV) के कारण होता है, जो मुख्य रूप से मनुष्यों तथा बंदरों को प्रभावित करता है। **अत: कथन-II सही है।**
- इसकी पहचान पहली बार वर्ष 1957 में कर्नाटक के क्यासानूर जंगल के एक बीमार बंदर में की गई थी। तब से, प्रतिवर्ष 400-500 के बीच मानव मामले सामने आए हैं।

**इसलिये, विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

135.

उत्तर: C

व्याख्या:

- क्रीट द्वीप, ग्रीस का सबसे बड़ा द्वीप एवं भूमध्य सागर में पाँचवाँ सबसे बड़ा द्वीप है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- सगाइंग क्षेत्र, म्याँमार का एक प्रशासनिक क्षेत्र है, जो देश के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- नुसंतारा, इंडोनेशिया के प्रमुख शहरों में से एक है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प C सही है।**

136.

उत्तर: A

व्याख्या:

**भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध:**

- UAE वर्तमान में भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार तथा FDI का चौथा सबसे बड़ा स्रोत है और साथ ही भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य भी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त अरब अमीरात एकमात्र ऐसा देश है जिसके साथ भारत ने व्यापार के साथ-साथ निवेश समझौता किया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

137.

उत्तर: D

व्याख्या:

**ग्रीस:**

- ग्रीस विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है और इसे पश्चिमी सभ्यता का उद्गम स्थल माना जाता है। लोकतंत्र, दर्शन, रंगमंच एवं ओलंपिक खेलों की शुरुआत ग्रीस में शुरू हुई थी।

नोट :

- ग्रीस दक्षिणी यूरोप में स्थित लंबी भूमध्यसागरीय तटरेखा वाला देश है। इसकी सीमा अल्बेनिया, उत्तरी मैसेडोनिया, बुल्गारिया और तुर्की से लगती है।
- **अतः विकल्प D सही है।**




138.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भगवान महावीर:**

- भगवान महावीर 'इक्ष्वाकु वंश' (Ikshvaku dynasty) से संबंधित थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्राकृत भाषा के प्रयोग के कारण प्रायः आम जनमानस भी महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाओं एवं उपदेशों को समझने में समर्थ थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- जैन धर्म 5 महाव्रतों (5 महान प्रतिज्ञाओं) का प्रचार करता है: अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (अनासक्ति) और ब्रह्मचर्य (शुद्धता)।
  - इन 5 शिक्षाओं में ब्रह्मचर्य (ब्रह्मचर्य/शुद्धता) को महावीर द्वारा जोड़ा गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

139.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मौलिक अधिकार न्यायोचित हैं क्योंकि उल्लंघन होने पर उन्हें अदालतों द्वारा कानूनी रूप से लागू किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि कोई ऐसा कानून है जो मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है तो अदालतें इसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 13 के अनुरूप अमान्य और असंवैधानिक घोषित कर सकती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान, अनुच्छेद 20 और 21 के तहत गारंटीकृत अधिकारों को छोड़कर, मौलिक अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

140.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC), केंद्र सरकार के प्रशासनिक ढाँचे के अंतर्गत एक नोडल एजेंसी है, जिसका कार्य भारत के पर्यावरण एवं वानिकी संबंधी नीतियों, झीलों तथा नदियों, इसकी जैवविविधता, तटीय नियामक क्षेत्र, वन और देश के प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की देख-रेख करना तथा वन्य जीवन, वन्यजीवों का कल्याण सुनिश्चित करना एवं प्रदूषण की रोकथाम करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना, 2006 को भारत में विकास परियोजनाओं पर उनके पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन कर उनकी निगरानी करने के लिये डिज़ाइन किया गया था और तब से इसमें विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिये कई संशोधन किये गए हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) द्वारा दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुए, वर्ष 2011 और वर्ष 2019 में तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचनाएँ जारी कीं जिसमें विशिष्ट तटीय हिस्सों को तटीय विनियमन क्षेत्र के रूप में नामित किया गया तथा तटीय समुदायों के लिये आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं सतत् विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ पर्यावरण के संरक्षण के लिये औद्योगिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

141.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पर्यावरण निष्पादन सूचकांक:**

- पर्यावरण निष्पादन सूचकांक (Environmental Performance Index- EPI), 2022 विश्व भर में

नोट :

संधारणीयता की स्थिति का डेटा-संचालित सारांश प्रदान करता है। 11 श्रेणियों के अंतर्गत 40 प्रदर्शन संकेतकों का उपयोग करते हुए, EPI जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र जीवन के संबंध में 180 देशों को रैंक प्रदान करता है।

- ये संकेतक राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित पर्यावरण नीति लक्ष्यों की प्राप्ति में देशों द्वारा किये गए प्रयासों का आकलन करते हैं। EPI एक स्कोरकार्ड प्रदान करता है जो पर्यावरणीय प्रदर्शन में शीर्ष देशों तथा सबसे निम्न प्रदर्शन करने वाले देशों को दर्शाता है और उनकी स्थिति को उजागर करता है ताकि सतत् भविष्य की अभिलाषा रखने वाले देश अपना प्रदर्शन सुधारने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

- EPI वर्ष में दो बार (द्विवार्षिक) जारी किया जाता है जिसकी शुरुआत विश्व आर्थिक मंच द्वारा येल सेंटर फॉर एन्वायरनमेंटल लॉ एंड पॉलिसी और कोलंबिया यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर इंटरनेशनल अर्थ साइंस इंफॉर्मेशन नेटवर्क के सहयोग से पर्यावरण स्थिरता सूचकांक के रूप में की गई थी।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**142.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मिस्र वर्ष 1979 में इज़रायल के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला अरब राज्य था। **अत: कथन 1 सही है।**
- मिस्र और जॉर्डन के बाद संयुक्त अरब अमीरात, इज़रायल को मान्यता देने वाला तीसरा अरब राष्ट्र बन गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अब्राहम समझौते में पर्यटन, व्यापार, स्वास्थ्य देखभाल एवं सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन तथा इज़रायल के बीच दूतावासों की स्थापना और सहयोग शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**

**143.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल प्रकाशक सामग्री शिकायत परिषद (DPCGC):**

- डिजिटल प्रकाशक सामग्री शिकायत परिषद (DPCGC), ऑनलाइन क्यूरेटेड सामग्री प्रदाताओं (OCCP) के लिये एक स्वतंत्र स्व-नियामक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे जून 2021 में इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) के तत्त्वावधान में स्थापित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- DPCGC का लक्ष्य एक निवारण तंत्र स्थापित करना है जो तदर्थ हस्तक्षेपों से बचते हुए बोलने की आज़ादी के साथ सामग्री प्रदर्शित करने एवं दर्शकों की शिकायतों को संबोधित करने से संतुलन बनाता है।

**144.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980:**

- वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 का प्राथमिक उद्देश्य, गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिये वन भूमि के अप्रतिबंधित रूपांतरण को नियंत्रित करना और देश की विकासात्मक आवश्यकताओं व इसकी प्राकृतिक संपदा के संरक्षण के बीच तर्कसंगत संतुलन बनाए रखना है। **अत: कथन-I सही है।**
- इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिये वन भूमि के व्यपवर्तन/परिवर्तन के लिये केंद्र सरकार की पूर्व मंज़ूरी आवश्यक है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**145.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान का अनुच्छेद 48A निर्दिष्ट करता है कि राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा देश के वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करने का प्रयास करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 अधिनियमन की उत्पत्ति स्टॉकहोम सम्मेलन में हुई, जो जून 1972 में मानव पर्यावरण पर आयोजित एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन था। **अत: कथन 2 सही है।**
- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत अधिनियमित किया गया था जो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी बनाने के लिये कानून बनाने का प्रावधान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**146.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**INSAT-3DS उपग्रह:**

- INSAT-3DS उपग्रह भूस्थिर कक्षा से तीसरी पीढ़ी के मौसम विज्ञान उपग्रह का एक अनुवर्ती मिशन है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह पूर्ण रूप से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा वित्तपोषित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे मौसम पूर्वानुमान तथा आपदा चेतावनी के लिये उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन और पृथ्वी सतह एवं समुद्री प्रेक्षणों की निगरानी के लिये डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

**147.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्रायोजेनिक इंजन अथवा क्रायोजेनिक चरण, क्रायोजेनिक तकनीक का उपयोग करने वाले अंतरिक्ष प्रमोचक रॉकेट के अंतिम चरण का प्रतिनिधित्व करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- क्रायोजेनिक इंजन प्रणोदक के रूप में तरल ऑक्सीजन (LOX) और तरल हाइड्रोजन (LH2) का उपयोग करता है, जो बहुत निम्न ताप पर तरल हो जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- ऑक्सीजन और हाइड्रोजन जैसे तरल प्रणोदक प्रति इकाई द्रव्यमान में महत्त्वपूर्ण ऊर्जा प्रदान करते हैं जिससे रॉकेट पर ईंधन भार कम हो जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**148.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस कंपनी का लक्ष्य उत्तर बंगाल और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 500 किलोमीटर सड़कों का विस्तार करके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार गलियारे की सड़क कनेक्टिविटी एवं दक्षता को बढ़ाना है, जिससे एशियाई विकास बैंक (ADB) से वित्त पोषण वाले अन्य दक्षिण-एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (South Asia Sub-regional Economic Cooperation- SASEC) के सदस्य देशों के साथ क्षेत्रीय स्तर पर कुशल और सुरक्षित परिवहन की सुविधा प्रदान करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**149.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उचित और लाभकारी मूल्य (FRP):**

- FRP, सरकार द्वारा निर्धारित वह मूल्य है जो किसानों से खरीदे गए गन्ने के बदले में मिलों को उन्हें देना होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आवश्यक वस्तु अधिनियम (ECA), 1955 के तहत जारी गन्ना नियंत्रण आदेश, 1966 देश भर में FRP के भुगतान को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- गन्ना उद्योग को पुनर्गठित करने हेतु FRP रंगराजन समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**150.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हालाँकि भारत का निर्यात हाल ही में 5 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, फिर भी यह चीन, दक्षिण कोरिया, वियतनाम आदि जैसे कई देशों से पीछे है। **अत: कथन-I सही नहीं है।**
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय नीति 2019 (NPE,2019) में भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन तथा विनिर्माण (ESDM) के लिये एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।**

**151.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ईको निवास संहिता (भाग I: आवरण निर्माण– Building Envelope) शीतलन-प्रधान जलवायु में उष्णता/गर्मी के लाभ, उष्णता-प्रधान जलवायु में गर्मी के नुकसान को विनियमित करने एवं पर्याप्त प्राकृतिक वेंटिलेशन व दिन के उजाले की क्षमता सुनिश्चित करने के लिये आवरण निर्माण हेतु न्यूनतम प्रदर्शन मानक स्थापित करती है। **अत: कथन-I सही है।**
- भवन निर्माण क्षेत्र की कुल ऊर्जा खपत का लगभग 75% आवासीय भवनों के लिये ज़िम्मेदार है, समय के साथ उनकी सकल ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय और निरंतर वृद्धि हुई है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**152.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA):**

- यह AB PM-JAY को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार शीर्ष निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह पूर्ण कार्यात्मक स्वायत्तता के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NHA का संचालन केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**153.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 142:**

- अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को विवेकाधीन शक्ति प्रदान करता है क्योंकि इसमें कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए ऐसी डिक्री पारित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है जो उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले या मामलों में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक हो।
  - यह ऐसे डिक्री या आदेश को भारत के पूरे क्षेत्र में लागू करने योग्य बनाता है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**154.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केरल के वायनाड में स्थित कुरुवद्वीप, जिसे कुरुवा द्वीप के नाम से भी जाना जाता है, पर्यटकों तथा फोटोग्राफरों का एक प्रिय गंतव्य है। यह अपने शांत वातावरण और प्राकृतिक आकर्षण के लिये प्रसिद्ध है, साथ ही विविध वन्यजीवों के लिये एक अभयारण्य प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह एक घनी आबादी वाला नदी डेल्टा है जो काबिनी नदी के बीच में स्थित टापुओं के एक समूह से मिलकर बना है जिसमें समृद्ध वनस्पतिजात और प्राणिजात शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके वनों में औषधीय जड़ी-बूटियों के साथ-साथ विभिन्न प्रजातियों के ऑर्किड और प्रवासी पक्षी पाए जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**155.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अटॉर्नी जनरल/महान्यायवादी:**

- संविधान द्वारा केवल अटॉर्नी जनरल के कार्यालय का प्रावधान किया गया है क्योंकि अनुच्छेद 76 में सॉलिसिटर जनरल अथवा अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल का उल्लेख नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - अनुच्छेद 77 के अनुसार, भारत सरकार की सभी कार्यकारी कार्रवाइयों को औपचारिक रूप से राष्ट्रपति के नाम पर अधिकृत किया जाना चाहिये।
- महान्यायवादी को अपने कर्त्तव्यों के पालन में भारत के राज्यक्षेत्र में सभी न्यायालयों में सुनवाई का अधिकार होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- अनुच्छेद 88 के तहत अटॉर्नी जनरल को किसी भी सदन, किसी भी सदन की संयुक्त बैठक और संसद की किसी भी समिति की कार्यवाही में बोलने एवं भाग लेने का अधिकार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**156.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम ( VVP ):**

- केंद्र सरकार ने 15 फरवरी, 2023 को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्रा म( VVP) को मंज़ूरी दी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका लक्ष्य अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में उत्तरी सीमा से लगे 19 ज़िलों के 46 ब्लॉकों में चयनित गाँवों का व्यापक विकास करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**157.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चारधाम परियोजना का उद्देश्य हिमालय में चारधाम तीर्थस्थलों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) तक कनेक्टिविटी बढ़ाना है, जिससे सुरक्षित, तेज और अधिक सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित हो सके। **अतः कथन-I सही है।**
- यह तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाले लगभग 900 किमी राजमार्गों का विस्तार करेगा, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) 125 का टनकपुर-पिथौरागढ़ खंड भी शामिल है, जो कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग का हिस्सा है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं नहीं है।**

**158.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विवादित क्षेत्र:**

- पारासेल द्वीप विवाद- चीन, ताइवान और वियतनाम के बीच। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**

नोट :

- स्कारबोरो शोल विवाद- चीन और फिलीपींस के बीच। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- सेनकाकू या डियाओयू द्वीप विवाद- पूर्वी चीन सागर में चीन और जापान के बीच। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**159.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल:**

- राज्यपाल राज्य विधानसभा को बुला सकता है या स्थगित कर सकता है और राज्य विधानसभा को भंग कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वह प्रत्येक आम चुनाव के बाद पहले सत्र और प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र के प्रारंभ में राज्य विधानमंडल को संबोधित कर सकता हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वह राज्य विधानमंडल के सदस्यों की अयोग्यता के प्रश्न पर चुनाव आयोग के परामर्श से निर्णय लेता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**160.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शॉर्ट सेलिंग:**

- इसमें निवेशकों को कीमत में गिरावट की प्रत्याशा में स्टॉक या प्रतिभूतियों को कम कीमत पर वापस खरीदने के प्रयोजन से उधार लेना और बेचना शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नेकेड शॉर्ट सेलिंग तब होती है जब स्टॉक या प्रतिभूतियों को उधार लेने की व्यवस्था किये बिना या यह सुनिश्चित किये बिना बेचा जाता है कि उन्हें उधार लिया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हाल ही में घोषणा की है कि हालाँकि सभी श्रेणियों के निवेशकों को शॉर्ट-सेलिंग में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन नेकेड शॉर्ट-सेलिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**161.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992, जिसे पंचायती राज अधिनियम के रूप में जाना जाता है, भारतीय संविधान के भाग IX (अनुच्छेद 243 से 243O) में उल्लिखित ग्रामीण भारत में विकेंद्रीकृत स्वशासन की त्रि-स्तरीय प्रणाली का प्रावधान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - **शहरी निकाय:** 74वें संशोधन अधिनियम, 1992 ने संविधान में एक नया भाग IX-A शामिल किया है जो नगर पालिकाओं एवं उनके प्रशासन से संबंधित है। इसमें अनुच्छेद 243P से 243ZG शामिल हैं। इसमें संविधान में एक नई 12वीं अनुसूची भी जोड़ी गई।
- यह कम-से-कम 500 व्यक्तियों की आबादी वाले प्रत्येक गाँव के लिये ग्रामीण स्तर पर एक पंचायत की स्थापना का प्रावधान है।

  **अतः कथन 2 सही है।**

**162.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (Insolvency and Bankruptcy Board of India- IBBI):**

- इसे देश में मूल्यांकनकर्त्ताओं के पेशे के विनियमन और विकास के लिये कंपनी (पंजीकृत मूल्यांकनकर्त्ता एवं मूल्यांकन) अधिनियम, 2017 के तहत 'प्राधिकरण' के रूप में नामित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह दिवाला पेशेवरों, एजेंसियों, संस्थाओं और सूचना उपयोगिताओं पर निगरानी के साथ पेशे एवं प्रक्रियाओं दोनों को विशिष्ट रूप से नियंत्रित करता है।
- बोर्ड में एक अध्यक्ष केंद्र सरकार के तीन सदस्य (कम-से-कम संयुक्त सचिव स्तरीय सदस्य जो वित्त, कॉर्पोरेट कार्य एवं कानून मंत्रालयों का पदेन प्रतिनिधित्व करते हैं), एक सदस्य RBI पदेन द्वारा नामित और पाँच अन्य सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नामित होते हैं, जिनमें से कम-से-कम तीन पूर्णकालिक सदस्य होने चाहिये। इसका नेतृत्व कॉर्पोरेट कार्य के मंत्री नहीं करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अध्यक्ष और सदस्यों (पदेन सदस्यों को छोड़कर) का कार्यकाल 5 वर्ष का या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) होता है तथा उन्हें पुन: नियुक्त किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**163.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**माउंट एवरेस्ट:**

- इसे नेपाल में सागरमाथा और चीन में माउंट क्यूमोलंगमा के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह नेपाल और तिब्बत के मध्यवर्ती सीमा पर स्थित है जिसके शिखर तक दोनों तरफ से पहुँचा जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

- इसे इसका अंग्रेज़ी नाम सर जॉर्ज एवरेस्ट से मिला है, जो एक औपनिवेशिक युग के भूगोलवेत्ता थे, जिन्होंने 19वीं शताब्दी के मध्य में भारत के सर्वेयर जनरल के रूप में कार्य किया था।

164.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- कुरूक्षेत्र के युद्ध के समय से ही कलिंग को एक शक्तिशाली साम्राज्य माना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कलिंग के राजा श्रुतायुध युद्ध में कौरव शिविर में शामिल हो गए, जहाँ वह एवं उनके दो वीर पुत्र, भानुमान और केतुमान, भीमसेन द्वारा मारे गए। **अत: कथन 2 सही है।**
- महाभारत युद्ध के बाद एक नए क्षेत्रीय राजवंश ने कलिंग पर शासन किया, बौद्ध ग्रंथ 'महागोविंद सुत्तंत' में कलिंग की महिमा और शक्ति की तेज़ी से बहाली का उल्लेख किया गया है।

165.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955:**

- इसे खाद्य पदार्थों की जमाखोरी और कालाबाज़ारी को रोकने के लिये बनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम केंद्र सरकार को अनुसूची में किसी वस्तु को जोड़ने या हटाने का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसी वस्तु को आवश्यक घोषित करके, सरकार उस वस्तु के उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण को नियंत्रित कर सकती है और स्टॉक सीमा लगा सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

166.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**भारतीय न्याय संहिता अधिनियम, 2023:**

- भारतीय न्याय संहिता अधिनियम, 2023 कुछ विशेष अपराधों के संबंध में लंबी पुलिस हिरासत, अन्य अपराधों के लिये न्यूनतम दंड और जुर्माना बढ़ाने का प्रस्ताव करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पहली बार संगठित अपराध से निपटने को सामान्य आपराधिक कानून के दायरे में लाया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- BNS ने छोटे अपराधों के लिये दंड के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरुआत करता है जो दंड संहिता में एक नया प्रयास है। **अत: कथन 3 सही है।**

167.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ( NALSA ):**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A राज्य को यह सुनिश्चित करने का आदेश देता है कि कानूनी प्रणाली इस तरह से संचालित हो कि समान अवसर के साथ न्याय को बढ़ावा मिले, जिसमें कानून, योजनाओं अथवा अन्य माध्यमों से निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना शामिल है ताकि नागरिकों को आर्थिक या अन्य बाधाओं के कारण न्याय से वंचित होने से रोका जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका गठन समाज के कमज़ोर वर्गों को निशुल्क विधिक सेवाएँ प्रदान करने के लिये विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत का मुख्य न्यायाधीश इसका संरक्षक-प्रमुख होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

168.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

**विशेष अनुमति याचिका:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 136 भारत के सर्वोच्च न्यायालय को असाधारण क्षेत्राधिकार प्रदान करता है, उच्च न्यायालय के पास ऐसा कोई क्षेत्राधिकार नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका प्रयोग केवल तभी किया जा सकता है जब कानून का कोई महत्त्वपूर्ण प्रश्न या घोर अन्याय हुआ हो।
- यह अनुच्छेद न्यायालय को सैन्य न्यायाधिकरणों तथा कोर्ट मार्शल को छोड़कर, भारत के क्षेत्र में किसी भी न्यायालय अथवा न्यायाधिकरण द्वारा दिये गए किसी भी निर्णय, डिक्री, निर्धारण, सज़ा या आदेश के विरुद्ध अपील करने के लिये विशेष अनुमति देने का अधिकार प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

169.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन एवं प्राधिकरण केंद्र ( IN-SPACe ):**

- IN-SPACe गैर-सरकारी संस्थाओं की विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, सक्षम करने के साथ-साथ पर्यवेक्षण

नोट :

के लिये भी ज़िम्मेदार है, जिसमें लॉन्च वाहनों तथा उपग्रहों का निर्माण एवं अंतरिक्ष-आधारित सेवाएँ प्रदान करने, डीओएस/इसरो के नियंत्रण में अंतरिक्ष बुनियादी ढाँचे और परिसर को साझा करने सहित नए अंतरिक्ष बुनियादी ढाँचे तथा सुविधाओं की स्थापना करना शामिल है। **अतः कथन-I सही है।**

- भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) एक एकल-खिड़की, स्वतंत्र, नोडल एजेंसी है जो अंतरिक्ष विभाग (DOS) में एक स्वायत्त एजेंसी के रूप में कार्य करती है। इसका गठन अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों के बाद निजी अभिकर्त्ताओं की भागीदारी को सक्षम एवं सुविधाजनक बनाने के लिये किया गया है। **अतः कथन-II सही है।**

**इसलिये विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

170.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (NB8):**

- यह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर अनौपचारिक चर्चा के लिये एक मंच है, जो पाँच नॉर्डिक देशों तथा तीन बाल्टिक देशों को एक साथ लाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आइसलैंड और नॉर्वे को छोड़कर नॉर्डिक देश यूरोपीय संघ का हिस्सा हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- नॉर्डिक देशों में आइसलैंड और नॉर्वे यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के सदस्य हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

171.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सुंदरबन:**

- यह बंगाल की खाड़ी के तट पर एक बड़ा, निरंतर मैंग्रोव वन पारिस्थितिकी तंत्र है, जो भारत और बांग्लादेश में गंगा, ब्रह्मपुत्र तथा मेघना नदियों के डेल्टा तक फैला है, यह विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जनवरी 2019 में भारत में सुंदरबन वेटलैंड/आर्द्रभूमि को रामसर कन्वेंशन के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की वेटलैंड' के रूप में नामित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- सुंदरबन डेल्टा विश्व का एकमात्र मैंग्रोव वन है जहाँ बाघ रहते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

172.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO):**

- NATO अथवा उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन, एक राजनीतिक और सैन्य गठबंधन है जिसमें 31 सदस्य देश शामिल हैं।
- इसका गठन वर्ष 1949 में किया गया था जिसका उद्देश्य शामिल सदस्यों के बीच आपसी रक्षा और सामूहिक सुरक्षा को बढ़ावा देना था।
- नाटो की मुख्य राजनीतिक निर्णय करने वाली संस्था का नाम नॉर्थ अटलांटिक काउंसिल है। यह शामिल देशों के बीच सर्वसम्मति के आधार पर किसी देश को गठबंधन में शामिल होने के लिये आमंत्रित करने का निर्णय करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- फिनलैंड द्वारा NATO के 31वें सदस्य के रूप में हाल ही में शामिल होने के पश्चात् इस गठबंधन के 32वें सदस्य के रूप में स्वीडन की प्रत्याशित प्रविष्टि होगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

173.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रायसीना डायलॉग:**

- रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र के संबंध में आयोजित किया जाने वाला एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य विश्व के सम्मुख सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। यह सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है तथा इसमें राजनीतिक, व्यावसायिक, मीडिया और नागरिक समाज पृष्ठभूमि के लोग भाग लेते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके वर्ष 2024 संस्करण की थीम "चतुरंग: संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग, निर्माण" है।

174.

**उत्तर: C**


**व्याख्या:**

**पापुआ न्यू गिनी:**

- यह एक द्वीपीय देश है जो दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसमें न्यू गिनी का पूर्वी भाग एवं कई छोटे द्वीप शामिल हैं, इसकी सीमा पश्चिम में इंडोनेशिया, दक्षिण में ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण-पूर्व में सोलोमन द्वीप से सीमा साझा करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पापुआ न्यू गिनी मुख्य रूप से पहाड़ी क्षेत्र है और साथ ही इसके दक्षिण में निचले मैदानी क्षेत्र हैं तथा इसके द्वीपों पर 40,000 वर्षों से अधिक समय से मेलनेशियन के रूप में जाने जाने वाले लोगों के विविध समूह निवास करते हैं।




175.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अवदीव्का, क्रामाटोर्स्क एवं ज़ापोरिज़्ज़िया सभी युद्धग्रस्त क्षेत्र यूक्रेन में स्थित हैं।
- **अतः विकल्प A सही है।**

176.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (Comprehensive Nuclear Test Ban Treaty- CTBT):**

- CTBT एक बहुपक्षीय संधि है जिसका उद्देश्य सभी परमाणु विस्फोटों पर प्रतिबंध लगाना है, चाहे वे सैन्य या शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये हों। **अतः कथन 1 सही है।**
- CTBT पर वर्ष 1994 में जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन (Conference on Disarmament) में वार्ता की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- 187 देशों द्वारा हस्ताक्षरित और 178 देशों द्वारा अनुसमर्थित यह संधि चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इज़रायल, ईरान, मिस्र तथा संयुक्त राज्य अमेरिका सहित 44 विशिष्ट देशों द्वारा अनुसमर्थन के लिये औपचारिक रूप से लागू होने की प्रतीक्षा कर रही है, जिनमें से आठ का अनुसमर्थन अभी भी शेष है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

177.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (Nordic-Baltic Eight- NB8):**

- नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (NB8) के सदस्य देश: फिनलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, आइसलैंड, डेनमार्क, एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

178.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS):**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत प्राप्त धन का उपयोग करके राज्यों अथवा केंद्रशासित प्रदेशों में EMRS स्थापित किये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन स्कूलों में कुल 10% सीटों पर गैर-अनुसूचित जनजाति के छात्रों को प्रवेश दिया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन जनजातीय छात्रों के लिये राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी (NESTS) की स्थापना देश भर में EMRS की स्थापना एवं प्रबंधन के लिये की गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

179.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अपस्फीति:**

- अपस्फीति, एक आर्थिक स्थिति होती है जिसका उपयोग वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में गिरावट का वर्णन करने के लिये किया जाता है। जब कीमतें गिरती हैं तो मुद्रास्फीति की दर 0% से नीचे चली जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अपस्फीति, आर्थिक संवृद्धि को शिथिल कर देती है।

- यह आमतौर पर आर्थिक अनिश्चितता का काल होता है जब वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है, साथ ही बेरोज़गारी का स्तर भी ऊँचा होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

180.

उत्तर: B

व्याख्या:

**घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण:**

- इसका आयोजन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office- NSO) द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष में किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिये पृथक रूप से मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (Monthly Per Capita Consumption Expenditure- MPCE) एवं इसके वितरण का अनुमान तैयार करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

181.

उत्तर: D

व्याख्या:

**वित्त विधेयक:**

- सभी धन विधेयक वित्तीय विधेयक होते हैं किंतु सभी वित्तीय विधेयक धन विधेयक नहीं होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यदि यह प्रश्न उठता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं तो उस पर लोकसभा के अध्यक्ष का विनिश्चय अंतिम होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- राज्यसभा धन विधेयक में संशोधन अथवा उसे अस्वीकार नहीं कर सकती किंतु उसके पास वित्त विधेयक में संशोधन अथवा उसे अस्वीकार करने की शक्ति प्राप्त है। **अत: कथन 3 सही है।**

182.

उत्तर: A

व्याख्या:

**SOLAW रिपोर्ट- 2021:**

- खाद्य और कृषि के लिये विश्व की भूमि तथा जल संसाधनों की स्थिति: ब्रेकिंग पॉइंट पर सिस्टम (SOLAW 2021)" संश्लेषण रिपोर्ट खाद्य एवं कृषि संगठन (Food and Agriculture Organization- FAO) द्वारा जारी की गई थी।
  - SOLAW- 2021 हमेशा की तरह व्यवसायिक दृष्टिकोण से हटकर समाधान प्रदान करता है, जो जल, भूमि और मृदा जैसी वैश्विक खाद्य प्रणालियों की आधारभूत इकाईयों में आवश्यक परिवर्तन करने की तात्कालिकता की भावना जागृत कर वैश्विक, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तरों पर निर्णय निर्माताओं को प्रेरित करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

183.

उत्तर: B

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइज़िंग इंडिया (Pradhan Mantri Schools for Rising India: PM-SHRI) योजना:**

- यह वर्ष 2022 में घोषित एक केंद्र प्रायोजित योजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- चयनित स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (National Education Policy- NEP) के सभी पहलुओं का प्रदर्शन करने वाले और पड़ोसी स्कूलों को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले मॉडल संस्थानों के रूप में कार्य करेंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- PM SHRI स्कूलों को पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं को एकीकृत करते हुए ग्रीन स्कूलों में परिणत किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

184.

उत्तर: B

व्याख्या:

**ओडीसियस लूनर लैंडर:**

- ओडीसियस लूनर लैंडर ने 50 से अधिक वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली चंद्रमा लैंडिंग में सफलता हासिल की है, जो चंद्र परिदृश्य पर निजी अंतरिक्ष फर्मों की प्रारंभिक उपस्थिति का प्रतिनिधित्व करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- लूनर लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर स्थितियों का आकलन करने के लिये बनाया गया है, जो पानी की मात्रा और इसकी पहुँच जैसे कारकों के मूल्यांकन में सहायता करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

185.

उत्तर: B

व्याख्या:

**केंद्रीय सूचना आयोग (CIC):**

- CIC सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 12 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसमें एक मुख्य सूचना आयुक्त होता है और दस से अधिक सूचना आयुक्त नहीं हो सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- उन्हें राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर नियुक्त किया जाता है जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**186.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (United Nations Human Rights Council):**

- मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के अंतर्गत एक अंतर-सरकारी निकाय है जिसका कार्य विश्व भर में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण को सुदृढ़ करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2006 में स्थापित परिषद ने मानवाधिकार पर पूर्व संयुक्त राष्ट्र आयोग का स्थान लिया। **अतः कथन 2 सही है।**
- मानवाधिकार उच्चायुक्त का कार्यालय (Office of the High Commissioner for Human Rights-OHCHR) मानवाधिकार परिषद के सचिवालय के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**187.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एक मज़बूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (Digital Public Infrastructure- DPI), जिसमें विशिष्ट डिजिटल पहचान, भुगतान प्रणाली और डेटा विनिमय पटल शामिल है, आर्थिक परिवर्तन लाने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत का DPI निजी तौर पर प्रावधानित सार्वजनिक अवसंरचना है, जिसमें बड़ी तकनीक द्वारा संचालित प्रौद्योगिकी है। यह निजी क्षेत्र के नवाचार को सक्षम करने वाले सार्वजनिक हित पर ज़ोर देती है, जो एक अद्वितीय वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- MOSIP, भारत का मॉड्यूलर ओपन सोर्स आइडेंटिटी प्लेटफॉर्म (MOSIP), ओपन-सोर्स तकनीक और समावेशी डिजिटल पहचान समाधानों के प्रति देश के समर्पण का उदाहरण है, जो देशों को अपनी मूलभूत पहचान प्रणाली बनाने के लिये एक मज़बूत स्केलेबल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है और वित्त से लेकर कल्याण सेवाओं तक सुरक्षित पहुँच प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**188.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023:**

- भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) को स्वायत्त रूप से अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, मार्गदर्शन करने तथा अधिकृत करने का अधिकार प्राप्त है। इस उद्देश्य के लिये IN-SPACe समय-समय पर दिशा-निर्देश और प्रक्रियाएँ जारी करेगा जिससे अन्य बातों के अलावा व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- गैर-सरकारी संस्थाओं (NGE) को IN-SPACe नियमों के तहत व्यापक अंतरिक्ष गतिविधियों का संचालन करने की अनुमति है, जिसमें अंतरिक्ष और ज़मीनी संपत्तियों की तैनाती एवं संचार, रिमोट सेंसिंग एवं नेविगेशन जैसी सेवाएँ प्रदान करना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**189.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अटलांटिक चार्टर:**

- अटलांटिक चार्टर अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूज़वेल्ट और ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल द्वारा 14 अगस्त, 1941 को (द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान) न्यूफाउंडलैंड में सरकार के दो प्रमुखों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त घोषणा थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- अटलांटिक चार्टर को बाद में वर्ष 1942 में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा में संदर्भ द्वारा शामिल किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- अमेरिका के राष्ट्रपति और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने 80 वर्ष पुराने अटलांटिक चार्टर (Atlantic Charter) के संस्करण पर हस्ताक्षर किये। **अतः कथन 3 सही है।**

**190.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विशेष आहरण अधिकार (SDR):**

- विशेष आहरण अधिकार (SDR) एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है न कि कोई मुद्रा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका मूल्य पाँच मुद्राओं की एक बास्केट (टोकरी) पर आधारित है - अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रॅन्मिन्बी, जापानी येन तथा ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- IMF प्रति पाँच वर्ष में या यदि आवश्यक हो तो उससे पहले SDR बास्केट की समीक्षा करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विश्व व्यापार तथा वित्तीय प्रणालियों में मुद्राओं के सापेक्ष महत्त्व को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

191.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (HEFA):**

- HEFA का लक्ष्य भारत के प्रमुख संस्थानों जैसे- IIT, IIIT, NIT, IISC एवं AIIMS को उनके शैक्षणिक एवं बुनियादी ढाँचे के मानकों को बढ़ाकर वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करना है। **अतः कथन-I सही है।**
- उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी भारत के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पूंजीगत संपत्ति के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है। **अतः कथन-II सही है।**
- यह कंपनी अधिनियम 2013 के तहत धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में केंद्र सरकार की कंपनी के रूप में पंजीकृत है।
- यह RBI के साथ गैर-जमा लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण (NBFC-ND-SI) के रूप में भी पंजीकृत है।

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही व्याख्या नहीं है।**

192.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना:**

- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को एक प्रमुख योजना के रूप में पेश किया गया जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को LPG जैसे स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध कराना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना के लाभार्थी प्रत्यक्ष रूप से अपने बैंक खातों में सब्सिडी राशि प्राप्त करने के लिये पहल (PAHAL) योजना से भी जुड़ सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- योजना से लाभान्वित होने हेतु पात्र लाभार्थियों को SECC 2011 अथवा SC/ST परिवारों, PMAY, AAY, वनवासियों, MBC, चाय/पूर्व-चाय बागान जनजातियों, नदी द्वीप निवासियों के तहत अर्हता प्राप्त करनी होगी अथवा वे 14-सूत्रीय घोषणा प्रस्तुत करके गरीब परिवार के तहत लाभार्थी होने का दावा कर सकते हैं।

193.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI):**

- UPI, भारत की मोबाइल-आधारित भुगतान प्रणाली है जिसे वर्ष 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित किया गया था। यह वर्चुअल भुगतान पते के माध्यम से 24/7 भुगतान को सक्षम करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- UPI विभिन्न बैंकिंग सेवाएँ, निर्बाध फंड ट्रांसफर और व्यापारी भुगतान की पेशकश कर कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लीकेशन में एकीकृत करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भूटान, नेपाल, UAE, सिंगापुर, श्रीलंका, मॉरीशस और फ्राँस एकमात्र देश हैं जहाँ भारत ने औपचारिक रूप से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) लॉन्च किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

194.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (Ind-Aus ECTA):**

- भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (Ind-Aus ECTA) दोनों देशों के बीच व्यापार को सुविधाजनक बनाने के साथ वृद्धि भी करता है, साथ ही इसमें उनके द्वारा नियंत्रित लगभग सभी टैरिफ लाइनें शामिल हैं।
- विशेष रूप से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, चमड़ा, जूते, फर्नीचर, भोजन, कृषि, इंजीनियरिंग, चिकित्सा उपकरण के साथ ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों में भारत को 100% टैरिफ लाइनों पर ऑस्ट्रेलिया के अधिमान्य बाज़ार पहुँच से लाभ प्राप्त होगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत,ऑस्ट्रेलिया को अपनी 70% से अधिक टैरिफ लाइनों पर अधिमान्य पहुँच प्रदान करेगा, जिसमें कोयला, खनिज अयस्क एवं मदिरा जैसे कच्चे माल शामिल हैं जो ऑस्ट्रेलिया के लिये निर्यात हित में हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ऑस्ट्रेलिया द्वारा सेवाओं में व्यापार के संबंध में भारत के हित के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए लगभग 135 उप-क्षेत्रों में व्यापक प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ 120 उप-क्षेत्रों में सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का दर्जा प्रदान किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**195.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लो अर्थ ऑर्बिट ( Low Earth Orbit ) :**

- यह कक्षा एक सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- LEO की पृथ्वी की सतह से ऊँचाई 160 किमी. से 1000 किमी. के बीच है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) को इस कक्षा में स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार यात्रा करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**196.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- नेविगेटिंग ट्रबल्ड वाटर्स रिपोर्ट, UNCTAD द्वारा जारी की गई थी।
  - यह लाल सागर, काला सागर और पनामा नहर में नौवहन मार्गों में आए परिवर्तन से वैश्विक व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करती है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**197.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मरुस्थलीकरण की रोकथाम के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय:**

- इसकी स्थापना वर्ष 1994 में की गई थी। यह पर्यावरण और विकास को सतत् भूमि प्रबंधन से जोड़ने वाला एकमात्र विधिक रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय समझौता है।
- यह विशेष रूप से शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों का समाधान करता है जिन्हें शुष्क भूमि के रूप में जाना जाता है। इन क्षेत्रों में प्राय: सबसे सुभेद्य पारिस्थितिक तंत्र और लोग पाए जा सकते हैं।
- मरुस्थलीकरण की रोकथाम के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय, मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रभावों का समाधान करने के लिये स्थापित एकमात्र विधिक रूप से बाध्यकारी ढाँचा है। **अत: कथन-I सही है।**
- वर्ष 1992 में रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में तीन अभिसमयों की घोषणा की गई जिसमें से एक मरुस्थलीकरण की रोकथाम के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय था। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**198.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संविधान की मूल संरचना:**

- संविधान की सर्वोच्चता, संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र, शक्तियों का पृथक्करण, संविधान का संघीय चरित्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आदि सभी संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**199.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम ( Representation of the People Act- RPA ), 1950:**

- यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिये प्रक्रियाएँ निर्धारित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह लोक सभा और राज्यों की विधानसभाओं एवं विधानपरिषदों में सीटों के आवंटन का प्रावधान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह मतदाता सूची तैयार करने और चयन की प्रक्रिया का प्रावधान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**200.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पीरियस बंदरगाह यूरोप, एशिया और अफ्रीका के क्रॉसरोड पर स्थित है, जो एथेंस का प्राकृतिक बंदरगाह तथा ग्रीस का मुख्य प्रवेश द्वार है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**201.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि:**

- यह संधि सदस्य देशों को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये बाहरी अंतरिक्ष का प्रयोग करने की इज़ाज़त देती है। साथ ही यह संधि अंतरिक्ष की बाह्य कक्षा में ऐसे हथियार तैनात करने पर पाबंदी लगाती है, जो जनसंहारक हों। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह ऐसे हथियारों को आकाशीय पिंडों जैसे- चंद्रमा या बाहरी अंतरिक्ष में रखने पर भी रोक लगाती है। चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों का उपयोग सभी देशों द्वारा विशेष रूप से शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये संधि को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।
- भारत बाह्य अंतरिक्ष संधि का एक पक्षकार देश है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :